दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



कभी दूर न हो.....
आपको खुशियों से भर देंगे.....

वर्ष : 12 | अंक : 81 | लखनऊ, 16 मार्च, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता : सीएम योगी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ईनाणी सिटी सेंटर, चित्तौड़गढ़ में जौहर श्रद्धांजलि समारोह में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के महापुरुषों ने शौर्य व पराक्रम के साथ जुड़ने का आह्वान किया था। आजादी के आंदोलन में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने 26 वर्ष की आयु में 1857 में अंग्रेजों के विरुद्ध शंखनाद किया था। 27 वर्ष की आयु में उनका बलिदान हो गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नेताजी होते तो पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका आह्वान भारत की अस्मिता, आजादी और नौजवानों के लिए था। जापान, सिंगापुर, पोर्ट ब्लेयर, म्यांमार में उनके योगदान का स्मारक हमारा आह्वान करता है। सीएम ने काकोरी के नायकों के अलावा वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद को भी याद किया। कहा कि 1893 में शिकागो की धर्मसभा में स्वामी विवेकानंद ने कहा कि गर्व से कहो, हम हिंदू हैं। यह उद्घोष भारत को एकता के सूत्र में बांधता है। नेपाल में भी हिंदुओं का यह भाव हर व्यक्ति को जोड़ता है। यूपी में जब हमारी सरकार बनी तो प्रदेशवासियों से कहा कि अपराध-अपराधियों, नारी गरिमा-सुरक्षा के मामले में सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत काम करेगी। किसी ने बहन- बेटी की सुरक्षा पर हाथ डाला तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार कर रहे होंगे। 25 करोड़ वाले उत्तर प्रदेश में बेटियां अब स्कूल भी जाती हैं, नाइट शिफ्ट में काम भी करती हैं और सकुशल घर आती हैं। हर नारी को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की गारंटी हर भारतीय नारी का अधिकार होना चाहिए। सीएम योगी ने भारत की अस्मिता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए महाराणा सांगा के




शौर्य का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, महाराणा सांगा के शरीर पर 80 घाव थे। लेकिन, उन्हें स्वयं की नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता की चिंता थी। घाव पर घाव सहते गए पर विधर्मियों को घुसने नहीं दिया। महाराणा प्रताप ने महज 27 वर्ष की आयु में ही अकबर के खिलाफ युद्ध लड़ा था। उन्होंने अकबर को नाकों चने चबाने पर मजबूर कर दिया था। भारत के इतिहास ने हमेशा उनके शौर्य का स्मरण किया है। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम परमपिता परमेश्वर हैं, लेकिन वह राम तब बन पाए, जब उन्होंने कहा कि मैं इस धरती को राक्षसविहीन कर दूंगा। वह भी केवल यह कहते कि मैं अयोध्या का राजा हूं, मुझे कुछ नहीं करना है तो वह राम जैसा सम्मान नहीं पाते। राजस्थान के लाखों नौजवान राम मंदिर आंदोलन में कूद पड़े थे। जब पूर्वजों के प्रति मन में भाव होता है तो परिणाम आने में देर नहीं लगती। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया, वहां गुलामी का कोई चिह्न नहीं बचा। देश एकजुट होकर एक दिशा में चलता है और जाति के नाम पर बांटने वाले नेताओं से सावधान रहता है तो हर भारतवासी को राम मंदिर जैसा सम्मान प्राप्त होता है। कंस के अत्याचार से त्रस्त मथुरा को अभय प्रदान करने के लिए श्रीकृष्ण को संकल्प लेना पड़ा था कि सज्जन शक्ति का संरक्षण करूंगा, लेकिन दुर्जनों के संहार में संकोच नहीं करूंगा। सीएम योगी ने कहा कि भारत का वैभव हमेशा प्रेरणा प्रदान करता है। वैदिक कालीन भारत, आदर्श भारत, ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित भारत, जहां किसान उत्पादक था, कारीगर उद्यमी और व्यापारी राष्ट्र को जोड़ने का सेतु। ग्राम स्वराज हमारी पहचान थी। आक्रांता साम्राज्य नारी अस्मिता के साथ खिलवाड़ और संस्कृति, परंपरा व बौद्धिक संपदा को रौंदते-लूटते हैं। उन्होंने शोषण की जो प्रवृत्ति पैदा की, उसका दुष्परिणाम था कि किसान उत्पादक से उपभोक्ता और उपभोक्ता से कर्जदाता हो गया। कारीगर श्रमिक होकर बेरोजगार हो गया। व्यापारी कर्ज के बोझ से आजीविका के लिए भटकने लगा।

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल-सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली। दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को रिहा किया था। सीबीआई ने हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी। अब 16 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई है। इसी बीच आप नेता ने सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए।



### बादशाह के 'टटीरी' गीत पर आयोग का नोटिस

चंडीगढ़। 'टटीरी' गीत के आपत्तिजनक बोल पर छिड़े विवाद में रैपर बादशाह की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। महिला आयोग जहां बादशाह की गिरफ्तारी के लिए पानीपत व पंचकूला पुलिस को आदेश जारी कर चुका है। वहीं, हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी बालीवुड गायक को नोटिस भेजकर तलब किया है। बादशाह के साथ निर्देशकों को भी आयोग ने सात दिन में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए हैं।



### देर रात हमले में पिता की हत्या, बेटा गंभीर

सागर। शादी में विवाद के बाद 5 लोगों ने मिलकर बाप-बेटे पर हमला कर दिया। आरोपियों ने साइकिल की चेन से पिटाई की। पत्थर से कुचलकर पिता की हत्या कर दी, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डा का है। मृतक की पहचान बाग खैजरा निवासी प्रदीप पांडेय (40) के रूप में की गई है, जबकि घायल बेटे का नाम रचित पांडेय (21) है।



तीन दिन की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक समाप्त

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले पानीपत में पत्रकारों से बोले

## ईरान युद्ध पर भारत का रुख सही दुनियाभर में शांति चाहता है संघ

### एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी

*अगले दो वर्षों में संघ का मुख्य ध्यान चार राज्यों- केरल, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल पर केंद्रित रहेगा। इन राज्यो में संघ अपने कार्य विस्तार के लिए माइक्रो-मैनेजमेंट और नए सांगठनिक स्ट्रक्चर पर जोर दे रहा है*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के आखिरी दिन रविवार को सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध के बीच ईरान को लेकर भारत के स्टैंड पर कहा कि भारत हित में सरकार सही कर रही है, ऐसा विश्वास है कि सरकार का स्टैंड सही है। संघ पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों पर जोर देता है।

बांग्लादेश और नेपाल में सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद नई सरकारें बनी हैं। दोनों देशों में शांति-स्थिरता और उनका भारत के साथ अच्छा संबंध पूरे एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी है। हालांकि, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर भी चिंता जताई। होसबाले ने कहा कि भारतीयता क्या है, हिंदुत्व क्या है, इसकी एक स्पष्ट अवधारणा होनी चाहिए। यह केवल एक मानसिकता नहीं बल्कि एक जीवनशैली है।

होसबाले बोले- भारतीयता-हिंदुत्व मानसिकता नहीं, जीवनशैली

- **बांग्लादेश और नेपाल का भारत से संबंध एशिया के विकास और सुरक्षा के लिए जरूरी**
- **बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा पर चिंता जताई गई**



दत्तात्रेय होसबाले और सुनील अंबेकर संबोधित करते हुए

### संघ में संगठनात्मक बदलाव, प्रांत की जगह बनेंगे संभाग

संघ में व्यापक स्तर पर संगठनात्मक संरचना में बदलाव किया जाएगा। प्रांत की बजाए अब संभाग होंगे। इसके साथ प्रांत प्रचारक का पद भी खत्म किया जाएगा। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस प्रस्ताव को ध्वनिमत से पास कर दिया है। अब अगले छह महीने इस पर विस्तार से काम किया जाएगा। संघ 2027 की प्रतिनिधि सभा की बैठक नई संगठनात्मक संरचना के आधार बुलाई जाएगी। पानीपत के पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि केंद्र पर आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक संपन्न हो गई। बैठक के अंतिम दिन सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का वक्तव्य रहा। उन्होंने प्रतिनिधियों को शताब्दी वर्ष और अगले वर्ष के कार्य धरातल पर करने के सुझाव दिए।

### संघ की 3 दिवसीय सभा की अहम बातें

- आखिरी दिन कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव और सुझाव रखे। इनमें आरएसएस के दायित्व परिवर्तन भी शामिल रहा।
- आरएसएस के शताब्दी वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट पेश की गई। यहां केरल और तमिलनाडु समेत दक्षिण के राज्यों और पूर्वोत्तर में संघ की गतिविधियों और सामने आई चुनौतियों का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि एक वर्ष में देश में संघ की 88,949 शाखाएं लगाई गईं। जो पिछले साल से 5,820 ज्यादा हैं।
- संघ के शताब्दी वर्ष में सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर कई कार्यक्रम किए गए। संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती पर इस साल कार्यक्रम हो रहे हैं। यह समरता का संदेश है।



भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार अपने साथियों के साथ

विश्वकप विजेताओं को बीसीसीआई का सम्मान

## गिल-मंधाना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सूर्यकुमार व टीम भी सम्मानित

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड 2026 का आोयजन नई दिल्ली में हुआ। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी गई। फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित हुईं।

- **द्रविड़-मिताली को लाइफटाइम अचीवमेंट**
- **आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड**

#### इनका सम्मान

1. **शुभमन गिल:** सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।
2. **स्मृति मंधाना :** पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए। इनमें 7 शतक शामिल रहे।
3. **राहुल द्रविड़:** भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

इंडिगो एयरलाइन का बड़ा फैसला

## मिडिल ईस्ट में तनावः दोहा, कुवैत समेत 7 शहरों के लिए उड़ानें रद

### उड़ानों को 28 मार्च तक निलंबित कर दिया



फाइल फोटो

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

इंडिगो एयरलाइन ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण दोहा, कुवैत और शारजाह सहित क्षेत्र के 7 स्थानों के लिए अपनी उड़ानों को 28 मार्च तक निलंबित कर दिया है। यह एयरलाइन की संचालन योजनाओं में समायोजन का हिस्सा है, जिसके तहत यह 16 से 28 मार्च के बीच क्षेत्र के लिए 252 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी। बयान में एयरलाइन ने कहा कि वह भू-राजनीतिक जोखिम, हवाई क्षेत्र की पाबंदियों, हवाई अड्डे की सीमाओं, बढ़ते ईंधन व बीमा लागत और अन्य अनिश्चितताओं को देखते हुए स्थिति की निगरानी जारी रखेगी।

दो दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज

## 17 और 18 मार्च तक आंधी और हल्की बारिश- बौछारों का अलर्ट

### करीब 12 जिलों में बारिश की संभावना



अमन लेखनी समाचार/ भोपाल,

प्रदेश में कई जिलों में दो दिन बाद मौसम का मिजाज बदलेगा। पश्चिमी विक्षोभ और वातावरण में बनी ट्रफ लाइन के कारण प्रदेश में बादल सक्रिय हो गए है। मौसम विभाग ने 17-18 मार्च तक कई जिलों में आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक ग्वालियर, भिंड, मुरैना, मंडला, बालाघाट समेत करीब 12 जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने खासतौर पर उत्तर और दक्षिण-पूर्वी जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। इससे जहां कुछ इलाकों में गर्मी से राहत मिल सकती है, वहीं भोपाल, इंदौर और उज्जैन जैसे शहरों में फिलहाल गर्मी का असर बना रहेगा।

एम्स में इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

## हरीश के दो लाइफ सपोर्ट के प्रमुख पाइप हटाए गए

**मां रो रही- उसे डांटती थी तो छिप जाता था, फिर गले लग जाता था**



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया के तहत एम्स में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को धीरे-धीरे हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एम्स के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती हरीश राणा के लाइफ सपोर्ट से जुड़े दो प्रमुख पाइप हटा दिए गए हैं। डॉक्टरों की निगरानी में यह प्रक्रिया बेहद सावधानी के साथ चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। यह पूरी प्रक्रिया मेडिकल प्रोटोकॉल और कानूनी दिशा-निर्देशों के तहत ही आगे बढ़ाई जा रही है।

मंत्री ने सुझाया गैस बचाने का तरीका

## 500, 1000 या 5000 लोगों के बड़े भोज या कार्यक्रम करने से 'बचिए'

अमन लेखनी समाचार/भोपाल,

**आयोजनों में मेहमानों की संख्या सीमित रखें**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एक ऐसा तरीका बताया, जिससे गैस की ज्यादा से ज्यादा बचत की जा सकती हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से सहयोग की अपील करते हुए सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों को लेकर एक विशेष सुझाव दिया है। मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे फिलहाल बड़े सार्वजनिक आयोजनों से परहेज करें। उन्होंने कहा कि जनता 500, 1000 या 5000 लोगों के बड़े भोज या कार्यक्रम करने से बचें। आयोजनों में मेहमानों की संख्या सीमित रखें, ताकि रसोई गैस का कम से कम उपयोग हो और ईंधन की बचत की जा सके। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गैस की कमी की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए आश्वस्त किया कि प्रदेश में गैस आपूर्ति की कोई वास्तविक किल्लत नहीं है। ईरान से गैस की खेप भारत पहुंच चुकी है, जिससे आने वाले दिनों में वितरण सामान्य रहेगा। राजपूत ने कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे ईंधन संकट के दावों का नकारा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के पर जनता के बीच भ्रम फैलाने को आरोप लगाया।


गोविंद सिंह राजपूत

सियासत तेज... राज्यसभा की 11 सीटों के लिए मतदान आज

## संभावित क्रॉस-वोटिंग, विधायकों की टूट रोकने रिसॉर्ट पॉलिटिक्स, विधायकों की घेराबंदी की गई

राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव, इनमें से 26 सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुन लिए गए

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राज्यसभा की 11 सीटों के लिए सोमवार को होने वाले मतदान से ठीक पहले बिहार, हरियाणा और ओडिशा में सियासी हलचल तेज हो गई है। संभावित क्रॉस-वोटिंग और विधायकों की टूट-फूट को रोकने के लिए राजनीतिक दलों ने अपने-अपने विधायकों की घेराबंदी शुरू हो गई है। कई जगहों पर विधायकों को रिसॉर्ट में ठहराया गया है तो कहीं उन्हें रोजाना पार्टी नेतृत्व के सामने उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**बिहार की 5 ओडिशा की 4 और हरियाणा की दो सीटों पर होगा मतदान**



### बिहार में पांचवीं सीट पर नजर

बिहार में पांच सीटों के लिए चुनाव हो रहा है, जहां संख्याबल के आधार पर एनडीए चार सीटें आसानी से जीत सकता है। एनडीए के पास विधानसभा में कुल 202 विधायक हैं, जबकि एक उम्मीदवार को जीत के लिए 41 वोट की जरूरत है। एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी राज्यसभा के लिए नामांकन किया है।

### ओडिशा में चौथी सीट पर दिलचस्प मुकाबला

चौथी सीट को लेकर मुकाबला सबसे दिलचस्प माना जा रहा है। इस सीट के लिए भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रे को समर्थन दिया है, जबकि बीजेडी ने कांग्रेस के साथ मिलकर प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ. दत्तेश्वर होता को समर्थन देने का फैसला किया है। संभावित क्रॉस-वोटिंग को देखते हुए भाजपा ने अपने सभी विधायकों और मंत्रियों को पारादीप के एक रिसॉर्ट में ठहराया है।

# बाढ़ सुरक्षा संबंधी कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित करें

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज यहाँ सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सभागार में बाढ़ से संबंधित कार्यों की तैयारी एवं प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में देवीपाटन मंडल के अंतर्गत जनपद गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच तथा अयोध्या मंडल के अंतर्गत बाराबंकी, अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर जनपदों में संचालित बाढ़ सुरक्षा एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान जलशक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ बचाव से संबंधित सभी आवश्यक कार्य 15 जून से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे संभावित बाढ़ की स्थिति में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने

- **जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों की समीक्षा की**

क्षेत्रों में सक्रिय रहकर कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें।

जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी इंजीनियरों की तैनाती समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों को पूरी संवेदनशीलता एवं उच्च गुणवत्ता के साथ संपादित किया जाना चाहिए, ताकि जनसामान्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

समीक्षा बैठक में मंत्रीजी ने विगत नौ वर्षों में इन क्षेत्रों में बाढ़ से बचाव हेतु कराए गए कार्यों तथा उनके प्रभाव का भी आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में कराए गए कार्यों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करते हुए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुधारात्मक कदम भी उठाए जाएं।

प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने जनपदों में क्रिटिकल स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य तत्काल कराए जाएं। साथ ही संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण, सामग्री एवं अन्य संसाधनों का पर्याप्त रिजर्व स्टॉक भी उपलब्ध रखा जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, प्रमुख अभियंता (परिकल्प एवं नियोजन), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सहित विभाग के मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता तथा देवीपाटन मंडल,एल तथा अयोध्या मंडल के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंताओं ने सहभागिता की।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा आस्था, सेवा और संस्कार का सशक्त प्रतीक

**अर्जुनगंज मंडल के कंकड़ कुआ, बिजनौर रोड से रवाना हुई 55वीं रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आस्था, सेवा और संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में संचालित “रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा” का कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में अर्जुनगंज मंडल के कंकड़ कुआ, बिजनौर रोड से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के दर्शन कराने के लिए 55वीं निशुल्क “रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा” का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर, श्री हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मंदिरों के सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन कराए गए। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधायक की टीम ने सभी श्रद्धालुओं का सम्मान करते हुए उन्हें शॉल एवं पटका पहनाकर बसों में बैठाया। पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जलपान व प्रसाद की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सेवा भावना से प्रेरित कार्यकर्ताओं ने पूरी यात्रा को एक आध्यात्मिक अनुभव का रूप दिया। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद, श्रीरामचरितमानस तथा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## तीन वर्षों से सतत जारी सेवा-परंपरा

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी पूज्य माताश्री तारा सिंह की प्रेरणा से सितंबर 2022 से प्रारंभ की गई “रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा” आज सरोजनीनगर में जनआस्था और निःस्वार्थ सेवा का सशक्त प्रतीक बन चुकी है। अब तक आयोजित 55 निशुल्क यात्राओं के माध्यम से श्रद्धालुओं, विशेषकर बुजुर्गों और मातृशक्ति, को अयोध्या धाम के भव्य दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि यह यात्रा उन लोगों तक आस्था का पावन अवसर पहुंचाने का प्रयास है, जिनके लिए अयोध्या धाम के दर्शन लंबे समय से एक स्वप्न थे। “रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा” आज वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा की एक प्रेरणादायी मिसाल बनकर उभर रही है। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि जनप्रतिनिधि यदि संकल्पित हों तो राजनीति केवल शासन का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और समाज कल्याण की सशक्त साधना भी बन सकती है।

# सपा ने सादगी से मनायी कांशीराम की 92वीं जयंती

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आज कांशीराम की 92वीं जयंती समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थित पार्टी कार्यालयों में सादगी से मनाई गई।

पार्टी मुख्यालय में मान्यवर कांशीराम के चित्र पर सांसद आर.के चौधरी पूर्व नेता विरोधी दल विधानसभा राम गोविन्द चौधरी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी सहित सभी पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने कांशीराम के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मानना है कि कांशीराम भारतीय राजनेता और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय समाज में बहुजनों को सम्मानजनक स्थान दिलाया। उन्होंने 1971 में बामसेफ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। दलित भाइयों में आत्मसम्मान की भावना भरने में उन्होंने अथक प्रयास किए। राजनीति में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाया। सरकारी नौकरियों में कार्यरत और दलित समाज के सम्पन्न तबके को जोड़कर उन्होंने बहुजन समाज की मदद का रास्ता निकाला।

अखिलेश यादव ने कहा कि कांशीराम और नेताजी मुलायम सिंह यादव के बीच 1991 में गठबंधन से प्रदेश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्ग के बीच नए सम्बंध बने और राज्य में मिलीजुली सरकार बनी। समाजवादी पार्टी ने मान्यवर कांशीराम को इटावा से लोकसभा पहुंचाने का काम किया। समाजवादी पार्टी ने कांशीराम जी को हमेशा सम्मान दिया। समाज के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यको को पीडीए से मजबूती मिली है। पीडीए समाज को लम्बे समय तक सामान्य सुविधाओं से भी वंचित रखा गया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में जो अधिकार नागरिकों को दिए उनसे एक बड़े तबके को वंचित रखने की साजिश भाजपा कर रही है। अब सभी ने एकजुट होकर पीडीए के रास्ते भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प कर लिया है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा प्रो0 बी.पाण्डेय, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अंबरीश पुष्कर, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिक्षक सभा मणींद्र मिश्रा, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी लखनऊ जयसिंह जयंत, एवं पूर्व मंत्री सलाउद्दीन मुस्सन, विजय सिंह यादव, राम प्रकाश यादव, अनिल पासी, उमाशंकर वर्मा, राम अवतार धीमान, दुलीचंद यादव, अमरजीत सिंह महाराजगंज, नीतू यादव, विजयश्री गौतम, मालती यादव, रिंकी यादव, सत्येन्द्र रावत, संग्राम सिंह, बचान सिंह यादव, दिलीप यादव, अमित कुमार, बेगराज सिंह, बृजेश, रामवीर कठेरिया, हरेन्द्र यादव, पवन रावत, संदीप यादव, अनूप यादव, रविन्द्र सिंह, बृजलाल रावत, अर्जुन गौतम, राजकुमार गौतम, रामचंद्र गौतम, करन यादव, सतीश, सानू, विपिन यादव, सरदार नरेन्द्र सिंह छाबड़ा, विपिन साजन, अशर्फी धीमान, सूरज यादव, धारा सिंह यादव, वीरेन्द्र सिंह यादव, प्रवेश यादव, चन्द्रिका गौतम, विजय सिंह, निखिल कनौजिया, प्रमोद पाण्डेय पूर्व जिला महासचिव गोण्डा, मनोज पाल लखनऊ दीपक, अभय शंकर यादव, शुभम यादव चिनहट, प्रेम यादव, रवि वर्मा, अयान शेख, डीपी यादव, रामेन्द्र यादव, कुंवर अनुराग गाजीपुर, डॉ. मरगूब कुरैशी आदि ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# श्रावस्ती में जल्द पूरा होगा बुद्धवनम पार्क का निर्माण

अमन लेखनी समाचार

- **श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान से श्रावस्ती आते हैं पर्यटक**



**लखनऊ।** श्रावस्ती देश-प्रदेश का ही नहीं, विश्व में बौद्ध धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। यही कारण है कि श्रावस्ती में श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, चीन और जापान सहित कई देशों से बौद्ध श्रद्धालु और पर्यटक आते रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत पर्यटन के विजन के अनुरूप श्रावस्ती में बुद्धवनम पार्क का निर्माण किया जा रहा है। बुद्धवनम पार्क का निर्माण कार्य इस वर्ष जून के अंत तक पूरा होने की संभावना है। इस परियोजना के पूरा होने से प्रदेश में बौद्ध पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है, साथ ही यह पार्क राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक आकर्षक केंद्र के रूप में विकसित होगा।

उत्तर प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के नए आयाम विकसित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से जनपद श्रावस्ती में बुद्धवनम पार्क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत पार्क के लैंडस्केप क्षेत्र में कई प्रमुख संरचनाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। परियोजना के अंतर्गत धर्म चक्र से संबंधित आठ संरचनाओं के आरसीसी फाउंडेशन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही म्यूरल वॉल के लिए भी आरसीसी स्ट्रक्चर बन चुका है। इस पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। परिसर में बनाए जा रहे सेंटर पाथ-वे और स्टेप गैलरी के लिए ब्रिक वर्क का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। इससे पार्क का मुख्य संरचनात्मक स्वरूप स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पार्क के आसपास स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन के तहत सड़क के दोनों किनारों पर आरसीसी रिटेनिंग वॉल का निर्माण, केबल ट्रेंच, स्टोन बोलार्ड, विशेष लैंप पोस्ट और पाथ-वे पर स्टोन क्लैडिंग जैसे कार्य किए जा रहे हैं। बुद्धवनम पार्क में आने वाले पर्यटकों को बौद्ध धर्म और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे इंटरप्रिटेशन सेंटर के कॉलम ढलाई का कार्य प्रगति पर है, जो जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अतिरिक्त तैयार की जा रही डॉर्मेट्री के आंतरिक प्लास्टर और फ्लोरिंग का कार्य भी अंतिम चरण में है। साथ ही पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि चारपहिया वाहनों के लिए पार्किंग क्षेत्र का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन व्यवस्थाओं के पूरा होने के बाद क्षेत्र की सुंदरता और पर्यटन अनुभव में उल्लेखनीय सुधार होगा। बुद्धवनम पार्क के विकसित होने से श्रावस्ती में बौद्ध पर्यटन को नया आयाम मिलेगा साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।

# आपका विधायक : आपके द्वार का 160वाँ जनसुनवाई शिविर आयोजित

## जनसमस्याओं के समाधान के साथ स्वास्थ्य व युवा सशक्तिकरण की पहल

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा और जनसंवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित आपका विधायक - आपके द्वार अभियान के अंतर्गत 160वाँ जनसुनवाई शिविर अर्जुनगंज मंडल के ग्राम पंचायत परवर पूरब के मजरा बहादुर खेड़ा में आयोजित किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर जनसमस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग का प्रभावी मंच बना। शिविर के दौरान टीम राजेश्वर ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। इस पहल का उद्देश्य केवल शिकायतें प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक समस्या के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए ठोस और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, आय प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, लैपटॉप योजना आदि से संबंधित कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 14 मामलों का मौके पर ही समाधान कर प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जबकि अन्य शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त शिविर में 4 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, 6 वृद्धा पेंशन तथा 2 विधवा पेंशन 2 आभा कार्ड से संबंधित आवेदन पत्रों की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई। शिविर के दौरान टी.एस. मिश्रा हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। इस दौरान 65 वरिष्ठ नागरिकों की आँखों की जांच की गई, जिनमें से 30 लोगों को आवश्यकतानुसार चश्मे प्रदान करने की व्यवस्था की गई। साथ ही सभी लाभार्थियों को आवश्यक दवाइयाँ और चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। ग्राम क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावी छात्र-छात्राओं को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में –

अनन्या यादव (65%), नैन्सी (64%), शनि यादव (56%), अभिषेक कुमार यादव (55%) शामिल रहे। युवाओं को खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से पूर्व में बने बॉयज यूथ क्लब को तथा 110वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। इन क्लबों को क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कैरम आदि खेलों की किट प्रदान की गई, जिससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक विकास और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पूज्य माता तारा सिंह जी की प्रेरणा से संचालित “तारा शक्ति निःशुल्क रसोई” के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को ताजा और पौष्टिक भोजन वितरित किया गया, जिससे सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की भावना को साकार रूप दिया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री मोहित तिवारी जी, सेक्टर संयोजक श्री दिलीप तिवारी जी, बूथ अध्यक्ष श्री अजीत रावत जी, प्रधान श्री रामफल पाल जी, श्री संजय कुमार यादव जी, श्री सुनील कुमार यादव जी, श्री प्रदीप यादव जी, श्री हरिकेश यादव जी, श्री अरविंद यादव जी, श्री अनिल यादव जी, प्रेमचंद मिश्रा जी, श्री चंद्रभान सिंह जी, श्री सुरेश राजपूत जी, श्री अगनु दादा जी, श्री बृजपाल यादव जी, श्री हेमराज यादव जी, श्री बेचालाल जी, श्री नंदकिशोर जी, श्री मती रेनू सिंह जी, श्री रामकुमार जी, श्री राम लखन जी, श्री प्रमोद तिवारी जी, श्री रामसेवक जी, श्री गोकर्णनाथ जी, श्री नंदकिशोर जी, श्री सोमनाथ जी, श्री रामगोपाल रावत जी, श्री प्रेम रावत जी, श्री प्रदीप कुमार जी, श्री बुद्धिलाल जी, श्री मती सुहाना देवी जी और श्री मती सुखदेवी जी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# आरोपः बड़े इमामबाड़े में बिना हिजाब अंदर जाने से रोका, वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। ऐतिहासिक बड़ा इमामबाड़ा में दो सहेलियों को बिना हिजाब प्रवेश से रोके जाने का आरोप लगाते हुए बनाया गया एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवती दावा कर रही है कि उनसे और उनकी दोस्त से इमामबाड़ा परिसर में प्रवेश के दौरान सिर ढंककर आने को कहा गया। वायरल वीडियो में युवती बताती है कि वे पर्यटक के रूप में लखनऊ घूमने आई थीं और टिकट लेकर इमामबाड़ा में प्रवेश करने जा रही थीं। उसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने बिना हिजाब अंदर जाने पर आपत्ति जताई। युवती के अनुसार उन्हें दुपट्टा या हिजाब पहनने के साथ ही शर्ट के बटन बंद करने की सलाह भी दी गई। वीडियो में युवती ने यह सवाल भी उठाया कि किसी धार्मिक स्थल पर ड्रेस कोड तय करने का अधिकार किसे है और लोगों को क्या पहनना चाहिए, इसका फैसला कौन करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि परिसर में अमेरिका और इजराइल विरोधी पोस्टर लगे थे, जिन पर वहां मौजूद लोगों ने पैर रखने की बात कही। हालांकि “अमन लेखनी” वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर बहस छिड़ गई है। कुछ लोग इसे धार्मिक स्थल की परंपराओं का सम्मान करने की बात कह रहे हैं, जबकि अन्य इसे जबरदस्ती और भेदभाव बता रहे हैं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि हर धार्मिक स्थल की अपनी परंपराएं और मयार्दाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि जैसे कई मंदिरों में सिर ढंकना या विशेष ड्रेस कोड का पालन करना पड़ता है, उसी तरह इमामबाड़ा में भी मयार्दा का पालन जरूरी है और बिना सिर ढंके प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाती। वहीं हुसैनाबाद ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी हबीबुल हसन ने बताया कि भूलभुलैया देखने के लिए किसी से हिजाब या दुपट्टा पहनने को नहीं कहा जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल रौजे के अंदर जाने के समय सिर ढंककर जाने को कहा जाता है और रौजे में प्रवेश के लिए कोई टिकट भी नहीं लिया जाता।

# 28 साल बाद घर लौटा शिवनाथ, परिजनों से मिलकर भावुक हुआ पूरा गांव

**मुजफ्फरनगर में काम के बहाने ले जाकर मेरठ में बंधक बनाकर कराया जाता रहा काम, समाजसेवी की मदद से मिली आजादी**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के रूसेना गांव में रविवार सुबह एक ऐसा भावुक दृश्य देखने को मिला जिसने पूरे गांव को भावुक कर दिया। करीब 28 वर्ष पहले रोजी-रोटी की तलाश में घर से निकला युवक अचानक अपने गांव लौट आया। उसे देखते ही परिवार और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। रुसेना खेड़ा गांव निवासी शिवनाथ अर्कवंशी, पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर, लगभग 28 वर्ष पहले रोजगार की तलाश में मुजफ्फरनगर गए थे। वहां एक व्यक्ति ने उन्हें अच्छे काम और अधिक मजदूरी का लालच देकर मेरठ ले गया। आरोप है कि मेरठ पहुंचने के बाद शिवनाथ को बंधक बनाकर रखा गया और वर्षों तक उनसे जबरन जानवरों को चारा खिलाने समेत अन्य काम करवाए जाते रहे। इस दौरान वह अपने घर-परिवार और गांव से पूरी तरह कट गए। बताया जा रहा है कि हाल ही में एक समाजसेवी को शिवनाथ की स्थिति के बारे में जानकारी मिली। समाजसेवी ने पहल करते हुए उन्हें बंधन से मुक्त कराया और 500 रुपये देकर ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना कर दिया। लखनऊ पहुंचने के बाद शिवनाथ पैदल ही अपने गांव रूसेना के लिए निकल पड़े। रविवार सुबह करीब सात बजे जब शिवनाथ अपने घर पहुंचे तो परिजनों को पहले यकीन ही नहीं हुआ। मां कलावती और छोटे भाई वीरेन्द्र अर्कवंशी ने उन्हें सीने से लगाकर गले लगा लिया। लंबे समय बाद हुए इस मिलन को देखकर आसपास मौजूद ग्रामीण भी भावुक हो उठे। गांव में शिवनाथ के वापस लौटने की खबर आग की तरह फैल गई और उन्हें देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि वर्तमान में शिवनाथ की उम्र करीब 45 वर्ष है। करीब तीन दशक बाद घर लौटे शिवनाथ की यह कहानी पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीण इसे किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं मान रहे और समाजसेवी की पहल की सराहना कर रहे हैं।

# इदगाह में निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि पर हमला, फायरिंग, मुकदमा दर्ज

## मारपीट के बाद कार पर भी चलाई गोली, 30 हजार रुपये लूटने का आरोप; एक आरोपी हिरासत में

अमन लेखनी समाचार




क्षतिग्रस्त कार – फोटो

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र में इदगाह कमेटी व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पर हमला और फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कई लोगों पर जानलेवा हमला करने, मारपीट और लूट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर अन्य की तलाश शुरू कर दी है। मलिहाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अहसन हसन खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह इदगाह कमेटी के पंजीकृत अध्यक्ष हैं। रविवार दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे वह मलिहाबाद थाना क्षेत्र के गढ़ी संजय खां गांव के पास स्थित इदगाह में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां पहले से मौजूद मुन्ना, सोनू, शादाब, अलीम व अज्ञात पुत्र कलीम समेत करीब 15 अज्ञात लोग मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान सोनू ने अवैध तमंचे से उनके सीने पर फायर कर दिया, लेकिन गोली मिस हो गई। इसके बाद शादाब ने भी फायर किया, जिससे वह किसी तरह बच गए। आरोप है कि हमलावरों ने उनकी कार पर भी फायरिंग की, जिससे कार का पिछला शीशा टूट गया। साथ ही कार में रखे करीब 30 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। हमलावरों ने इदगाह परिसर में लगे पत्थरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल बताया जा रहा है। घटना की सूचना के बाद बड़ी तादाद में लोग मलिहाबाद थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। घायल अहसन हसन खां को पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद भेजा। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। उन्होंने बताया कि कुछ आरोपियों पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। जिसकी जांच की जा रही है।

## संक्षेप

### मंडल अध्यक्ष को झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मार मारने की मिली धमकी

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा भगवंत नगर गोबर वार्ड नंबर 6 निवासी आशीष कुमार बाबा पुत्र शोभ नाथ वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष सुमेरपुर ने थाने में तहरीर देकर कहा कि सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी सुनील कुमार पुत्र बच्चू लाल अपने करीबी साथी हरपाल सिंह उर्फ पपोले सिंह निवासी बेहटा कला थाना लालगंज जनपद रायबरेली के माध्यम से मोबाइल नंबर से मेरे साथ अत्यंत अमर्यादित व अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया उक्त आरोपी द्वारा प्रार्थी को झूठे व गंभीर आपराधिक मुकदमे में फंसाने एवं गंभीर परिणाम भुगतने गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी दी उक्त व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी को स्पष्ट रूप से धमकी दी है यदि मेरे विरुद्ध चल रहे प्रकरण में हस्तक्षेप किया या कारवाई कराई गई तो परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे उक्त घटना से मेरा परिवार अत्यंत भयभीत व मानसिक रूप से उत्पीड़ित है तथा आशंका है कि उक्त व्यक्ति प्रार्थी एवं उसके परिवार के साथ किसी भी समय अनहोनी घटना घटित कर सकते हैं जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग साक्ष्य के रूप में सुरक्षित है जो जांच के दौरान प्रस्तुत करेंगे तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया है।

### गैस आपूर्ति को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। एलपीजी आपूर्ति को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह और सप्लाई इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी एजेंसियों पर एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई।अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था और गैस सिलेंडरों की वास्तविक उपलब्धता की गहनता से जांच की। यह निरीक्षण उपभोक्ताओं की शिकायतों के मद्देनजर किया गया था।जांच में सामने आया कि सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। अधिकारियों ने बताया कि गैस सिलेंडरों के नए लॉट नियमित रूप से आ रहे हैं, जिससे आपूर्ति श्रृंखला सुचारू बनी हुई है। उपभोक्ताओं की बुकिंग भी बिना किसी बाधा के जारी है।जिला पूर्ति अधिकारी ने एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही, अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि यदि उन्हें गैस आपूर्ति या वितरण से संबंधित कोई समस्या आती है, तो वे तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

## 422 सप्ताह से लगातार संचालित हो रहा है सबसे बड़ा स्वच्छता जन जागरूकता महा अभियान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद की सड़कों, सार्वजनिक और भंडारा स्थलों पर फैली गंदगी से आहत होकर उन्नाव शहर के सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्वच्छता के चौकीदार शैलेन्द्र पाण्डेय ने वर्ष 2018 में अपने हाथ में झाड़ू पकड़कर निकल पड़े थे सड़कों, सार्वजनिक और भंडारा स्थलों पर फैली हुई गंदगी को साफ करने ।शुरूआती दौर में उनको कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ा लोग उनका मजाक उड़ाते थे लेकिन अपनी धुन और लक्ष्य के पक्के शैलेन्द्र पाण्डेय ने कभी उन बातों पर ध्यान नहीं दिया और वो लगातार आगे बढ़ते गए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते रहे उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा कि कौन क्या कह रहा है ।शनै शनै समय बीतता गया आज उनकी ये स्वच्छता की सनक शिखर पर है लोग स्वच्छता के महत्व को समझने लगे हैं भंडारा आयोजक थमोकौल और प्लॉस्टिक से निर्मित थाली कटोरी चम्मच आदि बहिष्कार करने लगे हैं इन उत्पादों के स्थान पर अब लगभग सभी भंडारों आदि में लोग प्लॉस्टिक तथा थमोकौल के उत्पादों की जगह पर कागज के उत्पादों को प्रयोग करने लगे हैं ।शैलेन्द्र पाण्डेय ने अपनी एक सामाजिक संस्था भारत उन्नयन समिति को पंजीकृत करा कर उसके बैनर तले स्वच्छता के आयोजन कर रहे हैं वो अपने इस स्वच्छता जन जागरूकता महा अभियान को आगे और गति प्रदान करते हुए उन भंडारा आयोजकों तथा व्यवसायियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने लगे जो अपने भंडारा स्थल और अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को स्वच्छता से श्रृंगारित करते हैं ।उनके इस स्वच्छता महा अभियान से प्रभावित होकर जनपद के अनेक बुद्धिजीवी गण उनके साथ होने लगे आज उनके साथ में एक सैकड़ा से अधिक लोग हैं जो इस अभियान से जुड़ चुके हैं पाण्डेय यहीं नहीं रुके उन्होंने चिंतन किया कि जनपद के प्राथमिक विद्यालयों, इण्टर कॉलेजों एवं डिग्री कॉलेजों में जाकर हजारों छात्र तथा छात्राओं को स्वच्छता उद्बोधन देकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सकता है और वही उन्होंने किया इन विद्यालयों से भी बहुत अच्छे परिणाम आने लगे शैलेन्द्र पाण्डेय समय समय पर उन शिक्षक और शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने लगे जो अपने विद्यालयों को स्वच्छता से श्रृंगारित करते हैं ।आज स्थिति यह है कि शैलेन्द्र के साथ कई विद्यालय जुड़ गए हैं उन विद्यालयों के संस्थापक /प्रधानाचार्य/ शिक्षक आदि शैलेन्द्र को अपने विद्यालयों में छात्र तथा छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु आमंत्रित करते हैं ।शैलेन्द्र यहीं नहीं रुके उन्होंने अपने स्वच्छता के कारवां को और आगे बढ़ाया वो अपने सहयोगियों को साथ में लेकर इसी मार्च से जनपद के सभी वार्डों में मोहल्ला वासियों और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए आगे बढ़े वो वार्डों के सभासदों तथा ग्राम प्रधानों को लेकर इस स्वच्छता जन जागरूकता महा अभियान में धार रख रहे हैं वार्डों में सभासद के नेतृत्व में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों के नेतृत्व में स्वच्छता गोष्ठियों के आयोजन कर आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है पिछले सप्ताह शैलेन्द्र पाण्डेय ने अपने सहयोगी गणों को साथ में लेकर उन्नाव शहर के मोहल्ला सिंगरोसी वार्ड संख्या 2 में सभासद वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में मोहल्ला वासियों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया था आज जनपद के ग्राम ख्वाजगीपुर (करोवन) में भारत उन्नयन समिति के जिला उपाध्यक्ष अजय अगम के साथ में शैलेन्द्र पाण्डेय ने एक स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन कर ख़्वाजगीपुर की महिला ग्राम प्रधान आशा देवी चौधरी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर ग्राम वासियों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए जागरूक किया गया ।संस्था के जिला उपाध्यक्ष अजय अगम ने स्वच्छता कर्मी बजरंगी एवं राम बाबू को वस्त्र पट्टिका पहनाकर सम्मानित भी किया ।आज की स्वच्छता गोष्ठी में ग्राम ख्वाजगीपुर के महावीर सिंह, गोविन्द, गुड्डू, नरेन्द्र, अमन आदि उपस्थित रहे

## बिजली विभाग में करोड़ों के क्रय/ वर्कआर्डर घोटाले की आशंका, एन पी टी आई जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।जनपद के विद्युत वितरण खण्ड में क्रय/कायार्देश (वर्कआर्डर) के माध्यम से बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं।इस संबंध में अपूर्व सिंह द्वारा उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच तथा एन.टी.पी.आई. (NTPI) से तकनीकी जांच कराने की मांग की गई है।शिकायत में बताया गया है कि कार्यालय पत्रांक संख्या 1300-कार्य/विविद पापकाली/ 2024-03 के/2000 दिनांक 10 जुलाई 2024 के तहत पहले क्रय/कायार्देश की सीमा 1.5 लाख रुपये प्रतिमाह थी, जिसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। आरोप है कि इस बढ़ी हुई सीमा का दुरुपयोग करते हुए खण्ड और मण्डल स्तर के अधिकारी बड़े पैमाने पर अनियमितताएं कर रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार डिवीजन स्तर पर जारी क्रय आदेशों में सामग्री की कीमत बाजार मूल्य से कई गुना अधिक दिखाकर खरीद की जा रही है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है।वहीं कायार्देशों में कार्यस्थल और कार्य की वास्तविक मात्रा का स्पष्ट विवरण नहीं दिया जाता, जिससे कई कार्य केवल कागजों में दर्शाए जाने या एक ही कार्य का दोहरा भुगतान होने की आशंका जताई गई है। आरोप यह भी है कि क्रय/कायार्देश से जुड़े बिलों की एम.बी. (Measurement Book) अन्य अभियंताओं और उपखण्ड अधिकारियों पर दबाव बनाकर भरवाई जाती है तथा धनराशि का बंदरबांट किया जाता है। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को ही वर्कआर्डर देने और बजट मिलते ही फर्जी बिल अपलोड कर भुगतान कराने की बात भी सामने आई है।शिकायत में विशेष रूप से यह भी आरोप लगाया गया है कि हसनगंज विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियंता अनिल तिवारी द्वारा प्रत्येक माह अपने चहेते लोगों को बिना वास्तविक कार्य कराए ही वर्कआर्डर के माध्यम से भुगतान किए जाने की बात सामने आ रही है, जिससे विभाग को आर्थिक क्षति पहुंचने की आशंका व्यक्त की गई है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जहां क्रय/कायार्देश के बिलों का भुगतान विभाग द्वारा लगभग 100 प्रतिशत कर दिया जाता है, वहीं निविदा कार्यों के बिलों का भुगतान लगभग 70 प्रतिशत ही किया जाता है और उसमें भी कई महीनों की देरी होती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने पिछले दो वर्षों में जारी सभी क्रय/कायार्देशों की निष्पक्ष जांच कराने तथा संबंधित कार्यों की एन.टी.पी.पी.आई. से तकनीकी जांच कराने की मांग की है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

## कार की ई रिक्शा से टक्कर ई रिक्शा चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।सोहरामऊ थाना क्षेत्र में ई रिक्शा और कार की टक्कर के बाद दोनों खंती में पलट गए। जिससे ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायल को तत्काल सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सहरावां लालाखेड़ा मार्ग पर एक निमार्णाधीन गोदाम के पास रविवार दोपहर ई रिक्शा और कार आपस में टकरा कर सड़क किनारे खंती में पलट गए। हादसे में कार सवार दो लोग मामूली रूप से चोटहिल हुए, वही ई रिक्शा चालक रंजीत कुमार 30 पुत्र प्रेम निवासी गुरबक्श खेड़ा थाना असोहा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पीआरवी लेकर पहुंचे कमांडर एचसी राकेश कुमार पाल और चालक एचसी




राजीव कुमार ने घायल रंजीत को तत्काल अपने पीआरवी वाहन से सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## ओवरटेक के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी स्लीपर बस, 20 से अधिक यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव।कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर मटरिया टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर आगे शनिवार रात ग्यारह बजे तेज रफ्तार स्लीपर बस टैंकर को ओवरटेक करते समय टकरा गई। जिससे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनमें दो यात्री की हालत गंभीर देख डाक्टरो ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे मटरिया टोल प्लाजा से दो सौ मीटर दूर गोरखपुर से दिल्ली 50 यात्रियों को लेकर जा रही स्लीपर बस आगे चल रहे तारकोल लदे टैंकर को ओवरटेक करते समय टकराकर पलट गई।50 यात्रियों में 10 बच्चे 16 महिलाएं शामिल थी ।हादसे के बाद




टैंकर चालक व स्लीपर बस चालक व परिचालक बस छोड़कर मौके से भाग निकले, सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से औरास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों की गंभीर हालत देख डाक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घायलों की सूची मुकेश यादव (24) निवासी पूरा बाजार अयोध्या, सानिया (18) अयोध्या, साबिरा (38) अयोध्या, नितिन पांडेय (18) मलावन बस्ती, कुतुबुद्दीन (40) महाराजगंज तथा हिमांशु (19) सिवान बिहार शामिल हैं। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज कराया जा रहा है तथा अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है।

## अवैध खनन पर छापेमारी चार ट्रैक्टर ट्राली समेत एक जेसीबी मशीन पकड़ा



अमन लेखनी समाचार

गंजमुरदाबाद, उन्नाव। बीती रात खनन माफियाओं पर प्रशाशन का हंटर चलता दिखा इस दौरान चार ट्रेक्टर ट्राली व एक जे सी बी मशीन को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है पुलिस कार्यवाही में जुटी हुई है। ज्ञात हो बांगरमऊ क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार सूचना प्राप्त हो रही थी जिससे शनिवार को देर रात खनन अधिकारी प्रांजुल सिंह व गंजमुरादाबाद चौकी प्रभारी अनिल साहू के नेतृत्व में एक टीम द्वारा बांगरमऊ क्षेत्र के गांव फतेहपुर खालसा के निकट मुखबिर की सूचना मिलने पर दबिश दी गई तो इस दौरान खनन कार्य में संलिप्त दो ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी से भरे हुए जबकि दो ट्रैक्टर ट्राली खाली व एक जे सी बी मशीन को मौके से पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है खनन कार्य में शामिल वाहन थाने लाए गए है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। वही प्रशाशन की इस कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप की स्थित बनी हुई दिख रही है।

## भागवत कथा का पंचम दिन, वामन अवतार से कृष्ण जन्म तक की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव।थाना क्षेत्र स्थित ग्राम देवमई के प्राचीन व सुप्रसिद्ध सिद्धेश्वर बाबा मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने अपने मुखारविंद से संगीतमय कथा का रसपान कराते हुए भगवान के वामन अवतार, भगवान राम-सीता विवाह तथा भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया।कथा के दौरान मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। पूरा पंडाल राधे-राधे और कृष्ण-कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। महिला, पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ से पंडाल खचाखच भरा रहा और कई श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।भागवताचार्य प्रबल जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा केवल सुनने के लिए नहीं बल्कि उसे अपने जीवन में उतारने के लिए होती है। उन्होंने लोगों से सत्य, अहिंसा और सदाचार का पालन करने तथा मदिरापान, चोरी और अन्य बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि कथा लोक और परलोक दोनों में कल्याणकारी है, इसलिए कोई भी व्यक्ति कथा से वंचित न रहे, चाहे वह दान दे सके या नहीं। कथा के पश्चात विधिवत आरती हुई और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। व्यास पीठ से प्रबल जी महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया तथा आयोजन में सहयोग देने वाले निर्मल वर्मा को निःशुल्क टेंट व्यवस्था कराने के लिए धन्यवाद दिया।उन्होंने मंदिर निर्माण कराने वाले स्वर्गीय राम अवतार पांडे को देवतुल्य बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कथा में सहयोगी कलाकारों में ढोलक वादक यशपाल (इटावा) और ऑर्गन वादक संजय (उन्नाव) ने अपनी कला से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## ट्रक की टक्कर से पेड़ सड़क पर गिरा यातायात हुआ बाधित



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार की रात चकलवंशी संडीला मार्ग पर सडक किनारे खड़े शीशम के पेड में अनियंत्रित ट्रक चालक ने टक्कर मार दी जिससे पेड सडक पर गिर जाने से यातायात बाधित हो गया ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाइड्रा की मदद से पेड को हटा कर यातायात शुरू कराया एक घंटे तक मार्ग जाम रहने से वाहनों की लंबी कतारें लग गयी।

चकलवंशी संडीला मार्ग पर मियागंज चौराहे के पास सड़क किनारे लगे शीशम के पेड़ में संडीला की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक चालक ने पेड में टक्कर मार दी जिससे पेड सडक पर गिर गया और वाहनों का आवागमन बाधित हो गया ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के उपनिरीक्षक सीताराम गौड़ टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हाइड्रा की सहायता से पेड को हटा कर यातायात शुरू कराया दुर्घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से भाग निकला।

## घरेलू कलह के चलते युवती ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव।पारिवारिक कलह के चलते युवती ने घर के बाहर नीम के पेड़ में साड़ी का फंदा लगा कर फाँसी लगा ली।रविवार सुबह बेटी को फाँसी पर झूलता देख परिजनों की चीख निकल गई। पसूचना पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया फाँसी का कारण परिजन नही बता पा रहे है औरास थाना क्षेत्र के गहा खेड़ा निवासी लल्लू की 20 वर्षीय बेटी अंकिता पारिवारिक कलह के चलते शनिवार देर रात घर के बाहर नीम के पेड़ में साड़ी का फंदा लगा कर फाँसी लगा ली ।जिससे उसकी मौत हो गई। रविवार सुबह परिजन उसे फांसी पर झूलता देख चीख पुकार करने लगे । परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है। कि मृतका राजकीय इंटर कालेज इनायत पुर बर्रा में कक्षा 11 की छात्रा थी। मृतका दो भाई व दो बहिनों में सबसे छोटी थी। अंकिता फांसी पर क्यों झूली परिजन बताने में असमर्थ रहे।



## एसआई परीक्षा में एक प्रश्न को लेकर खड़ा हुआ विवाद

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जनपद में कुछ लोगों ने इस कथित विवादित प्रश्न पर आपत्ति जताते हुए जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।रविवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने गौरांग राठी, जय प्रकाश सिंह और सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों को एक प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई थी।प्रार्थना पत्र में बताया गया कि एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न अवसर देखकर बदल जाने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं? के विकल्पों में पंडित शब्द शामिल था। प्रतिनिधिमंडल ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पंडित शब्द भारतीय समाज में एक सम्मानित पहचान और परंपरा से जुड़ा है। इस संदर्भ में इसका प्रयोग समाज के एक वर्ग की भावनाओं को आहत करने



वाला है।प्रतिनिधिमंडल ने तर्क दिया कि ऐसे प्रश्न न केवल अभ्यर्थियों में भ्रम पैदा करते हैं, बल्कि समाज में अनावश्यक विवाद और असंतोष का कारण भी बन सकते हैं।उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने और दोषियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने की मांग की। साथ ही, यह भी कहा गया कि यदि इस प्रश्न को परीक्षा में शामिल करने के पीछे कोई लापरवाही या साजिश है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि ऐसी घटनाएं सरकार और प्रशासन की छवि को प्रभावित करती हैं। इसलिए, भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में अधिक सतर्कता बरतना आवश्यक है। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि शिकायत को गंभीरता से लिया गया है।उन्होंने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी और यदि किसी स्तर पर त्रुटि या लापरवाही पाई जाती है, तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक निजी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ी, मासूम घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर मियागंज चौराहे के पास शनिवार देर रात एक मिनी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई।इस हादसे में डेढ़ वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा हसनगंज निवासी पप्पू की यह मिनी बस लखनऊ से बांगरमऊ तक चलती है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी इशरत (55) पुत्र स्व. मुस्तफा इसे चला रहा था। देर रात वह लखनऊ से सवारियों को लेकर बांगरमऊ जा रहा था।आसीवन थाना क्षेत्र में बड़ा चौराहा मियागंज के पास सड़क पर एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में बस अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। बस में सवार थाना क्षेत्र के बारी गांव निवासी सद्दाम का डेढ़ वर्षीय पुत्र सालार इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों ने तुरंत सालार को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गनीमत रही कि बस में अधिक सवारियां नहीं थीं, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हाइड्रॉ की मदद से बस को डिवाइडर से हटवाकर यातायात सामान्य कराया।




## बुकिंग के बाद भी नहीं मिली गैस उपभोक्ता परेशान

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। नगर पंचायत की मां संदोही देवी मंदिर परिसर में हड़हा स्थित भारत गैस के ग्राहक बुकिंग के बाद सुबह से सिलेंडर पाने के लिए इंतजार करते रहे। सिलेंडर गाड़ी न आने से उपभोक्ता नाराज होकर घर लौट गए। उपभोक्ताओं ने बताया कि एजेंसी द्वारा बुकिंग कर चुके उपभोक्ताओं को सिलेंडर पूर्व की तरह वितरित किए जाने का आश्वासन दिया गया था किंतु कोई नहीं आया और अब फोन पर भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। मैनेजर व अन्य कर्मचारियों ने अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर दिए हैं। उपभोक्ता सुबह से भूखे प्यासे गैस सिलेंडर पानी के लिए इंतजार ही करते रहे गए।कई उपभोक्ताओं के घर में गैस सिलेंडर न होने से लकड़ी के चूल्हे या इंडक्शन जैसी वस्तुओं का प्रयोग करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष बाजपेई व राजेंद्र एडवोकेट का कहना है कि गैस एजेंसी मालिक उपभोक्ताओं के साथ शोषणवादी रवैया अपनाये हुए हैं। बुकिंग नहीं हो पा रही के नाम पर सिलेंडर नहीं दिए जा रहे हैं। सिलेंडर की गैस कम करके सिलेंडर दिए जा रहे हैं ब्लैक मार्केटिंग सिलेंडर की की जा रही है और सिलेंडर 200 से ?500 अधिक मूल्य पर बेचे जा रहे हैं ।प्रशासन के अधिकारी एजेंसियों पर छापेमारी भी नहीं कर रहे हैं केवल प्रशासन मीडिया में बयान दे रहा है



## सम्पादकीय

# संकट नहीं पर घरेलू गैस को लेकर अधीर हो रहे लोग

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। अमेरिका से लेकर यूरोप और जापान से लेकर चीन और भारत में तेल के दाम 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गए हैं। तेल के दाम सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का बड़ा हिस्सा बाहर से मंगाता है, इसलिए हम पर दबाव अधिक है। हाल के वर्षों में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात का विविधिकरण किया है, इसके बावजूद गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े खतरे की वजह से इस संकरे समुद्री मार्ग से टैंकरों का गुजरना खासा मुश्किल हो गया है। ईरान के साथ वार्ता के बावजूद अभी यह सौ फीसदी सुनिश्चित नहीं हो सका है कि भारतीय गैस टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित आ सकेंगे या नहीं। दावा किया जा रहा है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्थिति को लेकर संदेह बना हुआ है। भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसने देश में पेट्रोल व डीजल के संकट को लेकर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। लेकिन, रसोई गैस बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग की रसोई गैस को लेकर कटौती की घोषणा की है, लेकिन घरेलू उपयोग की गैस 100 फीसदी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद लोगों की आशंकाओं ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जैसे देश में घरेलू रसोई का संकट उत्पन्न हो गया हो। हालांकि, कुछ हद तक कालाबाजारी की खबरों ने लोगों को अधीर बना दिया है। जनता हर हाल में अपनी रसोई को गैस संकट से सुरक्षित करना चाहती है। तत्काल जरूरत न होते हुए भी लोग तुरंत ही दूसरा सिलेंडर भरवा लेना चाहते हैं। यही भावना गैस एजेंसियों पर भीड़ लगवा रही है। इससे ही यह संदेश जा रहा है कि देश में घरेलू गैस का संकट हो गया है। जबकि स्थिति ऐसी नहीं है। संसद में भी एलपीजी कमी के आरोपों पर सरकार व विपक्ष में टकराव देखने को मिला। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐसी किसी भी कमी से साफ इनकार किया। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दिनों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और देश में आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने और झूठा नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया। पुरी ने यह भी कहा कि भले ही भारत का पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई सीधा रोल नहीं है, लेकिन इसके असर से देश को निपटना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। यही नहीं, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से जवाब मांगा। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से देश के कई क्षेत्रों में होटल, मेस और ढाबे या तो बंद हो गए हैं या बंद होने वाले हैं। कई जगहों पर लकड़ी व कोयले की मांग भी बढ़ी है। कुल मिलाकर हालात चुनौतीपूर्ण तो हैं, लेकिन धैर्य से हर परेशानी दूर हो सकती है।

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से चुनौती



आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है।

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत रोजाना लगभग 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी का सीधा मतलब है कि देश को तेल आयात पर पहले से कहीं ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। इससे आयात बिल बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। इसका रुपये पर भी दबाव दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस क्षेत्र से भारत को बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर रुकावट आ सकती है। भारत के लिए यह एक चिंता का विषय है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस के बड़े भंडार नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज के बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह दुनिया का एक अहम तेल परिवहन मार्ग है, जहां से भारत के कुल आयातित तेल और गैस का लगभग 45 से 50 प्रतिशत हिस्सा आता है। अगर यहां से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है तो भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोत खोजने पड़ेंगे। खबर है कि फिलहाल लगभग 30 मिलियन बैरल रूसी तेल समुद्र में जहाजों पर मौजूद है, जिसे खरीदा जा सकता है। लेकिन यह मात्रा भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। भारत निश्चित रूप से रूस से और अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर सकता है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इसकी कीमत भी बढ़ सकती है। अगर विकसित देशों का समूह जी-7 अपने आपातकालीन तेल भंडार बाजार में जारी करता है तो वैश्विक सप्लाई थोड़ी बढ़ सकती है और कीमतों पर कुछ नियंत्रण आ सकता है। फिलहाल स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में ऊर्जा की उपलब्धता कितनी स्थिर रहेगी। भारत सरकार भी इस चुनौती को समझ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद निकट भविष्य में कई उद्योगों को तेल और गैस की सीमित उपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। खास तौर पर औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति में कटौती की संभावना जताई जा रही है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी जैसी प्राथमिक सेवाओं को पर्याप्त गैस मिलती रहे। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या पेट्रोल





और डीजल की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। फिलहाल सरकार के सामने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की चुनौतियां हैं। कई राज्यों में चुनाव नजदीक होने के कारण सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना चाहेगी। अगर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई बढ़ोतरी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है तो इससे महंगाई बढ़नी तय है। सरकार कोशिश कर सकती है कि कुछ समय तक इस बोझ को खुद वहन करे और तेल विपणन कंपनियों को होने वाले घाटे की भरपाई करे। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो उससे आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। वैश्विक आर्थिक माहौल भी इस समय काफी अस्थिर है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

ऐसे समय में अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है, इसलिए इसकी मांग बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत होता है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी बढ़ रही है, क्योंकि निवेशकों को डर है कि ऊर्जा कीमतों से पैदा हुई महंगाई के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकता है। भारत में इस स्थिति का सबसे स्पष्ट असर रुपये पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई है। हाल ही में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अगर युद्ध और वैश्विक तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। कमजोर रुपया भारत के लिए दोहरी समस्या पैदा करता है। पहला, इससे आयात और महंगे हो जाते हैं। दूसरा, विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कम हो सकता है। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। हाल के दिनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक कारण यही रहा है। अगर विदेशी निवेश लगातार बाहर जाता है तो इससे पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके अलावा कंपनियों के लिए विदेशी कर्ज चुकाना भी महंगा हो जाता है। तेल की ऊंची कीमतों का असर सिर्फ वित्तीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसका असर उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देगा। पेट्रोकेमिकल, परिवहन, उर्वरक, और बिजली उत्पादन जैसे कई उद्योग सीधे तौर पर तेल और गैस पर निर्भर होते हैं। जब ऊर्जा की लागत बढ़ती है तो इन उद्योगों के उत्पादन खर्च में भी वृद्धि होती है। इससे या तो कंपनियों के मुनाफे कम होते हैं या फिर वे कीमतें बढ़ाकर इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं।

इस तरह हम देखते हैं कि तेल की बढ़ती कीमतें पूरी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर सकती हैं। उत्पादन महंगा होने से कंपनियां निवेश कम कर सकती हैं और आर्थिक विकास की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए कई स्तरों पर चिंता का कारण बन सकती हैं। ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता, बढ़ता आयात बिल, महंगाई का दबाव, कमजोर होता रुपया और विदेशी निवेश में कमी-ये सभी कारक मिलकर आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कितने दिन चलता है और वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में जाता है। अगर स्थिति जल्दी सामान्य होती है, तो दबाव कम हो सकता है, लेकिन अगर तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति और आर्थिक नीतियों में कई बड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

आज विश्व निद्रा दिवस है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नींद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव स्वास्थ्य व सेहत के लिए पर्याप्त निद्रा बेहद आवश्यक है। याद होगा कि गत वर्ष पहले फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ था कि देश की राजधानी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया कि जो लोग रात में सात से आठ घंटे सोते थे, उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसकी याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक पर मुहर लगाई जा चुकी है। इसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागत योग्य पहल तेज कर दी है।

## जहां भी खोजोगे वहां तुम प्रीतितत्व को ही पाओगे



संकलित
दर्शन

कोई आदमी धन कमाने में लगा है, धन तो ऊपर की बात है, भीतर तो प्रीति से ही जी रहा है, धन से उसकी प्रीति है। कोई आदमी पद के पीछे पागल है, पद तो गौण है, प्रतिष्ठा की प्रीति है। जहां भी खोजोगे, तो तुम प्रीति को ही पाओगे। पापी में और पुण्यात्मा में, तुम एक ही तत्त्व को एक साथ पाओगे, वह तत्त्व प्रीति है। फिर प्रीति किससे लग गई, उससे भेद पड़ता है। धन से लग गई तो तुम धन ही होकर रह जाते हो। ठीकरे हो जाते हो। कागज के सड़े-गले नोट होकर मरते हो। जिससे प्रीति लगी, वही हो जाओगे। यह बड़ा बुनियादी सत्य है, इसे हृदय में संभाल कर रखना। प्रीति महंगा सौदा है, हर किसी से मत लगा लेना। जिससे लगाई वैसे ही हो जाओगे। वैसा होना हो तो ही लगाना। प्रीति का अर्थ ही यही होता है कि मैं यह होना चाहता हूं। राजनेता गांव में आया और तुम भीड़ करके पहुंच गए, फूलमालाएं सजा कर, किस बात की खबर है? कोई संगीत सुनता है तो धीरे-धीरे उसकी चेतना में संगीत की छाया पडन्ने लगती है। तुम जिससे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे, जिनसे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे। तो प्रीति का तत्त्व रूपांतरकारी है। प्रीति का तत्त्व भीतरी रसायन है। और बिना प्रीति के कोई भी नहीं रह सकता। प्रीति ऐसी अनिवार्य है जैसे श्वास। जैसे शरीर श्वास से जीता, आत्मा प्रीति से जीती। इसलिए अगर तुम्हारे जीवन में कोई प्रीति न हो, तो तुम आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे। या कभी तुम्हारी प्रीति का सेतु टूट जाए, तो आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे।


## गुरु की संगति से ही पाया जा सकता है परमात्मा



संकलित
प्रेरणा

जिसने परमात्मा को प्राप्त कर लिया, तो समझो उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। इसके लिए प्राप्ति के लिए अब शेष कुछ नहीं रह जाता। अब जिन्होंने परमात्मा को नहीं पाया उन्होंने कुछ भी नहीं पाया, लेकिन यह बात ध्यान में रहे कि परमात्मा पाया जाता है गुरु प्रताप साध की संगति से और कोई उपाय नहीं। अद्वैत भाव एक परम गुण है। अद्वैत भाव कुछ ऐसी कला है, जिसमें थकान नहीं है मानो हम जहां भी देखें, चाहे जर्रा हो, चाहे पत्ते हों, चाहे चंदन के पेड़ हों, चाहे पत्थर हों, चाहे गंगा का जल हो, सूरज का तेज हो, चांद की शीतलता हो, कलियों की कोमलता हो, फूलों का सौंदर्य हो, जहां भी नजर डालो सद्गुरु की कृपा से अपनी आंखों से इन सभी से जल्दी से पर्दा हटा कर इसको देख लें। फिर धीरे-धीरे हमारी आंखें ही पर्दा उठाने की कला सीख जाएंगी और फिर ऐसा समय भी आएगा जब हमें पर्दा उठाना ही नहीं पड़ेगा, केवल नजर पड़ी और हम पर्दे के पार देखने लगे, क्योंकि अब हमें ज्ञान हो गया है कि सब जगह बस ईश्वर, परमात्मा की ही छवि विराजमान है। अपेक्षा जहां है वहीं दुःख की भी संभवना है और जहां अपेक्षा नहीं है, वहां विषाद का कोई खतरा नहीं है। अतः जिनसे मनुष्य को अपेक्षा है कि उसे प्रीति मिलेगी पत्थर नहीं, उनसे यदि फूल भी फेंका गया, तो घाव का एहसास होगा ही। घाव फूल के कारण नहीं लगता फूल बेचारा कैसे घाव लगा सकता है? घाव लगता मनुष्य की अपेक्षा से और जितनी बड़ी अपेक्षा होगी, घाव भी उतना ही गहरा मिलेगा।

## इनफिनिटी मिरर्ड रूम



कोलोन, जर्मनी के म्यूजियम लुडविग में गुरुवार को मशहूर जापानी आर्टिस्ट यायोई कुसामा की नई बड़ी एग्जिबिशन के प्रीव्यू के दौरान लोग आर्टवर्क इनफिनिटी मिरर्ड रूम में घूमते हुए लोग।

## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-विनय कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### सबको बोलने का अवसर



प्रतिपक्ष के सदस्यों को आवंटित समय से अधिक बोलने का अवसर मिला है। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि चाहे देर रात्रि तक बैठना पड़े, लेकिन हर सदस्य को बोलने का अवसर मिले। कोई भी सदस्य जो बोलना चाहते हों, और मैंने अवसर नहीं दिया, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है।
- ओम बिरला, लोस अध्यक्ष

### अविश्वास प्रस्ताव नहीं



हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा के स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव आया, मगर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए विपक्ष में रहते हुए कभी लोकसभा स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव नहीं लाए।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### विकास बजट जारी



विकसित दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब दिल्ली की हर विधानसभा में विकास की समान गति दिखाई दे। इसी लक्ष्य के साथ हर विधानसभा के लिए विशेष विकास बजट जारी किया जा रहा है, ताकि सड़क, पानी, स्वच्छता, आदि नागरिक सुविधाओं के कार्य तेजी से पूरे हो सकें।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### घरेलू गैस की किल्लत




जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में घरेलू गैस की भारी कमी है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाजा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### पाक किसका, जो कर्ज दे उसका सऊदी अरब पहुंचे शहबाज

पाकिस्तान के रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है। पाक नहीं चाहता कि वह शिया मुल्क ईरान के साथ बहुत ज्यादा दिखे, जबकि सुन्नी देश सऊदी अरब के साथ रहना आंतरिक राजनीति में भी फायदा देगा। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता की बातें करता है। अब जबकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने हमले किए हैं तो इस संघर्ष में सऊदी अरब भी अमेरिकी पाले में है। ऐसे हालात में पाकिस्तान ने इस्लामिक एकता की कोई दुहाई नहीं दी है और सीधे तौर पर सऊदी अरब के साथ दिख रहा है।




## ऑफ बीट

### ऋषिकेश स्थित श्रीलक्ष्मण मंदिर का अद्भुत माहात्म्य

हिमालय की पावन गोद में अवस्थित ऋषिकेश का तपोवन क्षेत्र केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना का जीवंत केंद्र है।



उत्तराखंड में गंगा के पावन पश्चिमी तट पर स्थित लक्ष्मण झूला और समीपस्थ श्रीलक्ष्मण मंदिर का माहात्म्य पुराणों में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ वर्णित है। 'ते वै रघुवरश्रेष्ठा भाग्यवन्तो भवन्ति हि' अर्थात जो भक्त तपोवन में आकर लक्ष्मण जी को प्रणाम करते हैं, वे वास्तव में भाग्यवान होते हैं, यह उद्घोष इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गरिमा को स्पष्ट करता है। स्कंद पुराण के अनुसार, भगवान स्कंद ने नारद जी से कहा कि यद्यपि अनेक तीर्थ ऐसे हैं, जिनके स्मरण मात्र से पापों का क्षय हो जाता है



## संक्षेप

### खिलाड़ियों ने थांगता में जीते 4 गोल्ड-2 सिल्वर

**बीजेपी नेता ने किया सम्मानित, अयोध्या में हुई थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता**

अमेठी ,खिलाड़ियों ने अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय थांगता मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीते हैं। इन विजेता खिलाड़ियों को भाजपा अमेठी के जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित ने सम्मानित किया। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 9 से 11 मार्च तक अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम ढाबासेमर में आयोजित की गई थी। थांगता मार्शल आर्ट मणिपुर का एक पारंपरिक आत्मरक्षा खेल है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ग्राम सभा पीढ़ी, विकास खंड बहादुरपुर, जनपद अमेठी के उच्च प्राथमिक विद्यालय पीढ़ी के 3 बालक और 3 बालिकाओं ने अयोध्या मंडल का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कुल 4 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर अमेठी जिले का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की वापसी पर भाजपा जिला उपाद्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित ने उन्हें मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों ने इस उपलब्धि के लिए दीक्षित का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग और प्रेरणा से बच्चों ने प्रदेश स्तर पर सफलता हासिल की। विजेता टीम में अंजू पुत्री राजाराम, काजल पुत्री कैलाश, खुशबू पुत्री सुरेश, राम भवन पुत्र हरिहर सिंह, जय करन पुत्र कल्लू और इरफान पुत्र मो. असलम खां शामिल थे। सभी खिलाड़ी ग्राम सभा पीढ़ी के निवासी हैं। टीम प्रशिक्षक दिलीप सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बहादुरपुर, की भी सराहना की गई। विद्यालय परिवार के शिक्षकों को भी बधाई दी गई।इस अवसर पर शुभम दीक्षित, लल्लू खान, जब्बार, सईद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 24,000 लड़कियों को लगेगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

**राज्य महिला आयोग सदस्य डॉ. मौर्या ने अमेठी में किया शुभारंभ**

अमेठी, जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत जिले की लगभग 24 हजार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगाया जाएगा। राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने जिला अस्पताल में इस अभियान का शुभारंभ किया। डॉ. मौर्या ने इस अवसर पर कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिससे हर साल कई महिलाएं अपनी जान गंवा देती हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की इस पहल को सराहनीय बताया, जिसके तहत किशोरियों को यह वैक्सीन पूरी तरह मुफ्त लगाई जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और समय पर अपनी बेटियों को टीका लगवाएं, क्योंकि इससे बीमारी से काफी हद तक बचाव संभव है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि जिले में टीकाकरण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि जिला अस्पताल के अलावा प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर भी टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। टीका लगवाने के लिए किशोरियों को पहले से पंजीकरण कराना होगा और टीकाकरण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।

# गैस रिफिल करने वाले दुकानदार के विरूद्ध दर्ज होगी एफआईआर

## डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने देहात कोतवाली में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि नगर क्षेत्र बहराइच के पूर्ति निरीक्षक हेम भूषण के साथ शनिवार को अपरान्ह में लगभग 03:30 बजे नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विकास भवन के निकट राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बहराइच के गेट पर स्थित गैस व स्टोव मरम्मत की दुकान पर पुलिस बल की मौजूदगी में औचक छापेमारी की गयी। दुकानदार मुज्जमिल पुत्र नईम दुकान पर मौजूद मिले, जिनकी उपस्थिति में दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय दुकान में घरेलू गैस सिलेण्डर तथा छोटे सिलेण्डर व गैस रिफिलिंग के उपकरण पाये गये। दुकानदार मुज्जमिल से उपलब्ध सिलेण्डरों के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर सम्बन्धित द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया गया और न ही सिलेण्डरों से सम्बन्धित कोई अभिलेख आदि ही प्रस्तुत किये गये। छापेमारी के दौरान 02 अदद घरेलू एलपीजी इण्डेन गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) सीलयुक्त भरे हुए जिनका सीरियल नम्बर 479406 व 255076 है। इसके अलावा 04 अदद् घरेलू एलपीजी इण्डेन गैस सिलेण्डर (14.2 कि.ग्रा.) आंशिक भरे हुए बरामद हुए जिनका सीरियल नम्बर 230065, 553242, 616697 व 401343 है। इसके अलावा 05 अदद छोटे अधोमानक/अवैध (05 कि.ग्रा.) खाली बरामद हुए है। इसके अतिरिक्त मौके पर दुकान में गैस रिफिल किया जाने वाले 02 उपकरण/रिफिलर बरामद हुए। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि औचक जांच व छापेमारी में जब्त किये गये सिलेण्डरों एवं रिफिलर से यह स्पष्ट है कि दुकानदार मुज्जमिल द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध ढंग से छोटे अवैध सिलेण्डरों में रिफिल कर गैस की कालाबाजारी की जा रही है, जो एलपीजी कंट्रोल आर्डर-2000 (द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति और वितरण का विनियमन-आदेश) का स्पष्ट उल्लंघन है तथा जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध भी है। डीएसओ श्री तिवारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक हेम भूषण द्वारा दोषी दुकानदार मुज्जमिल पुत्र नईम के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करने हेतु तहरीर दी गई है।

# थानाध्यक्ष कैसरगंज के नेतृत्व में कस्बे में पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कस्बा कैसरगंज में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थानाध्यक्ष कैसरगंज राजेश शुक्ला द्वारा थाने पर उपस्थित पुलिस बल व पीएसी के जवानों के साथ कस्बे के प्रमुख मार्गों व बाजारों में पैदल गश्त किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम ने बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं प्रमुख चौराहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखते हुए लोगों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

थानाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखने तथा आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार पैदल गश्त व निगरानी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित हुए सुनील कुमार

**शिक्षक सुनील को मिला हिंदी गौरव सम्मान 2026**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिले के युवा साहित्यकार सुनील कुमार को दुबई की साहित्यिक संस्था साहित्य अर्पण द्वारा हिंदी गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। सुनील कुमार ने बताया कि मातृभाषा हिंदी के उत्थान के लिए दुबई में कार्यरत साहित्यिक संस्था साहित्य अर्पण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी नेहा शर्मा ने उन्हें ऑनलाइन यह सम्मान प्रदान किया है। उन्होंने सुनील कुमार की हिंदी साहित्य साधना की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है युवा साहित्यकार सुनील कुमार के अब तक 4 एकल तथा 50 साझा काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही साथ राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय पत्र पत्रिकाओं में दर्जनों लेख व रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। राज्य व राष्ट्र स्तरीय साहित्यिक संस्थाओं द्वारा सुनील कुमार को अब तक 400 से भी अधिक सम्मान प्राप्त हैं ?। सुनील कुमार की कई रचनाएं आकाशवाणी व दूरदर्शन केंद्र से भी प्रसारित है। सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर हित मित्रों ने बधाई दी है।

# एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित शब्द पर गहराया विवाद

**ब्राह्मण वेलफेयर महासभा ने दर्ज कराया विरोध**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के उपनिरीक्षक भर्ती के प्रश्न-पत्र सेक्शन एक सामान्य हिंदी के प्रश्न संख्या तीन के दिए गए आपत्तिजनक विकल्प की निष्पक्ष जाँच एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो इसके लिए ब्राह्मण वेलफेयर महासभा उत्तर प्रदेश नें मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजकर कठोरतम कार्यवाही की मांग की है। बताते चले पुलिस उपनिरीक्षक प्रश्नपत्र में सामान्य हिंदी में आपत्तिजनक प्रश्न सम्मिलित किया गया है जिसमे एक प्रश्न के विकल्पों को लेकर समाज के हृदय में व्यापक रोष व्याप्त है। बलदेव प्रसाद पाण्डेय प्रदेश प्रभारी वेलफेयर महासभा नें बताया है कि प्रथम दृष्टया उक्त प्रश्न को देखकर यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि, उक्त प्रश्न एक वर्ग की विशेष भावनाओं को ठेस पहुंचाने तथा अपमानित करने के लिए प्रश्न पत्र के विकल्प में पंडित जैसे सम्मानजनक शब्द को सम्मिलित किया गया है, जबकि पंडित शब्द का शाब्दिक अर्थ विद्वान, ज्ञानी, धार्मिक, सम्मान से जुड़ा है इसे अवसरवादी जैसे नकारात्मक अर्थ से जोड़ना पूर्णरूपेण अनुचित व असंवेदनशील तथा जनबूझकर किया गया कृत्य प्रतीत होता है। संबंधित प्रश्न की भाषा, आशय एवं प्रस्तुति को देखने पर ऐसा स्पष्ट प्रतीत होता है कि, वह समाज के सम्मानित एवं प्रबुद्ध वर्ग की भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से पूर्वाग्रही होकर पूछा गया है। इसे लेकर समाज में गहरी नाराजगी तथा आक्रोश व्याप्त है।

## अंसारी ज्वेलर्स की ओर से भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**हजारों लोगों ने की शिरकत**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। रमजान उल मुबारक के पाक महीने में कस्बा कैसरगंज में अंसारी ज्वेलर्स की ओर से भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके के हजारों लोगों ने शिरकत कर रोजेदारों के साथ इफ्तार किया। इस मौके पर माहौल पूरी तरह रूहानी और भाईचारे से सराबोर नजर आया। इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में रोजेदारों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और मुल्क में अमन-ओ-अमान, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआएँ मांगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व संभ्रांत नागरिक भी भारी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर परवेज अंसारी, फुरकान अंसारी, सादाब अंसारी, फरीद अंसारी सहित कैसरगंज क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग मौजूद रहे और सभी का इस्तकबाल किया। इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत व अन्य व्यंजनों का विशेष इंतजाम किया गया था। आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे और मोहब्बत का खूबसूरत पैगाम भी देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने अंसारी ज्वेलर्स के इस सराहनीय प्रयास की जमकर तारीफ की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

# जिला कारागार बहराइच में मनाई होली मिलन एवं रमजान के अवसर पर वितरित किया अफ़्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

बहराइच। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के तत्वावधान में जिला कारागार बहराइच में बंदी भाई-बहनों के साथ होली मिलन एवं पवित्र रमजान माह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बंदी भाई बहनों के साथ होली मिलन कार्यक्रम एवं पवित्र माह रमजान में रोजेदारों के लिए अफ़्तार का इंतजाम कर वितरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और आपसी सद्भाव का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जेल अधीक्षक बहराइच राजीव कुमार सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेलर अजय कुमार झा तथा पत्रकार शेर सिंह कसौधन मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव/जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य ने की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही त्योहार प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बंदियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अच्छे आचरण और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में समिति के विनोद कुशवाहा, रमेश मिश्रा, टिल्लू मिश्रा कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को होली एवं रमजान की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# अवैध खनन पर चला एसडीएम मोनालिसा जौहरी का हंटर, जेसीबी डंपर जब्त

**अवैध खनन के विरूद्ध हुई कार्रवाई, खनन में संलिप्त जेसीबी व डंपर पहुंचा थाने**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। शनिवार को देर रात्रि लगभग 10:00 बजे उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी को मोबाइल पर सूचना प्राप्त हुई कि बंजारन टांडा स्थित दूध फैक्ट्री के निकट अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है। अवैध खनन की सूचना को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार नानपारा शैलेष अवस्थी को तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। एसडीएम के निर्देश पर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने छापेमारी के दौरान अवैध खनन संलिप्त 01 अदद जेसीबी मशीन व 01 अदद डंपर को पकड़ लिया गया। तहसीलदार के माध्यम से जेसीबी व डंपर को पकड़े जाने की सूचना प्राप्त होने पर एसडीएम श्रीमती जौहरी ने तत्काल थानाध्यक्ष नानपारा राजनाथ सिंह को पुलिस की सुपुर्दगी में अवैध खनन में संलिप्त जेसीबी और डंपर को थाने लाये जाने का निर्देश दिया गया। एसडीएम ने बताया कि देर रात्रि को अवैध खान के विरूद्ध की गई कार्रवाई जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को दी गई। डीएम ने तहसील प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना करते हुए निर्देशित किया गया कि तहसील क्षेत्र में अवैध खनन के विरूद्ध भविष्य में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही की जाय।

# भाजयुमो के दो गुटों में भिड़ंत

## महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी पर बवाल, व्यापारी बोले- 40 राउंड फायरिंग हुई

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , भारतीय जनता युवा मोर्चा के दो गुटों के बीच रात भिड़ंत हो गई। महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर हुए विवाद में बीच बाजार दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली-गलौज हुई। देखते ही देखते बात धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गई। इस बीच कुछ लोगों ने बंदूकें निकाल लीं। फायरिंग होने लगी। बाजार में अफरा-तफरी मच गई। व्यापारी-राहगीरों में दहशत फैल गई। व्यापारियों ने बताया- दोनों तरफ से करीब 40 राउंड फायरिंग हुई। करीब 15 मिनट तक गोलियों की आवाज गूंजती रही। दरअसल, भाजयुमो महानगर मंत्री हर्षद हिंदू और शशांक पंडित के बीच लंबे समय से वर्चस्व की जंग चल रही है। इस बीच, भाजयुमो महानगर की पूरी टीम का जल्द ही नए सिरे से गठन होना है। दोनों अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। ऐसे में दोनों संगठन में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे रहते हैं। ताजा विवाद सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर है। इसे लेकर ही दोनों गुट आमने-सामने आ गए। फायरिंग में 3 लोग घायल हुए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने देर रात घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से कई खोखे बरामद किए हैं। 12 नामजद और 10 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना बन्नादेवी इलाके के सराय हकीम का है। पुलिस के मुताबिक, प्रत्यक्षदर्शियों और दोनों गुटों के लोगों से पूछताछ में पता चला है कि कुछ दिन पहले भाजयुमो महानगर मंत्री हर्षद हिंदू ने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी डाली थी, जिस पर शशांक गुट के मोहित शर्मा ने आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसी बात को लेकर दोनों के बीच फोन पर काफी कहासुनी हुई। गाली-गलौज भी हुई। आरोप है कि हर्षद ने समझौते के बहाने मोहित को महावीरगंज बुलाया। वहां अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी। ?मारपीट के बाद मोहित अपने साथियों शशांक पंडित और आयुष के साथ बन्नादेवी थाने रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहा था। इसी दौरान सराय हकीम के पास हर्षद हिंदू गुट के लड़कों ने उन्हें घेर लिया।

प्रत्यदर्शियों ने बताया- पहले जमकर गाली-गलौज हुई।

# महिला की संदिग्ध मौत, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**पति पुलिस के सामने बैठकर करता रहा भोजन, मायके वालों को नहीं दी खबर**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर , चांदा कोतवाली क्षेत्र के शुकुल उमरी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने पति पर पीटकर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना के लगभग 17 घंटे बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन आरोपी पति को अभी तक हिरासत में नहीं लिया गया है। मृतका की पहचान कल्पना (42) के रूप में हुई है, जो गांव निवासी रामबली धुरिया की पत्नी थीं। उनकी शादी करीब 20 साल पहले हुई थी और उनके तीन बेटे हैं, जिनमें से एक दिव्यांग है। गुरुवार शाम घर के अंदर कल्पना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि उन्हें घटना की सूचना नहीं दी गई। मृतका के भाई ने बताया कि घटना शाम करीब 6 बजे हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि मौत से पहले पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। भाई के अनुसार, कल्पना के गले पर फांसी के फंदे के निशान थे और उसकी पीठ पर भी चोट के गहरे निशान मिले हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बच्चों को सिखा-पढ़ाकर रस्सी को जला दिया गया है, जो सीधे तौर पर हत्या का मामला दर्शाता है। सुबह पति और अन्य परिजन शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान मायके वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर सीओ लंभुआ अर्पित कपूर और चांदा एसओ अमित मिश्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस की मौजूदगी में भी आरोपी पति आराम से बैठकर भोजन करता रहा। जांच के बाद एसओ आरोपी को हिरासत में लिए बिना ही लौट गए। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी पति की पहली पत्नी की भी गर्भावस्था के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, और उस मामले में भी उस पर आरोप लगे थे।

# फरार अभियुक्त के घर 82 सीआरपीसी की मुनादी

**प्रतापगढ़ जिले के संग्रामगढ़ में पुलिस-सीबीआई टीम ने की कार्रवाई, परिजन भी रहे मौजूद**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़ , जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक फरार अभियुक्त के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। न्यायालय के आदेश पर उसके घर 82 सीआरपीसी के तहत मुनादी कराई गई। इस दौरान दिल्ली से आई सीबीआई टीम और स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। यह कार्रवाई संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नौढिया सरैया गांव निवासी अभियुक्त विजय पांडे उर्फ ननके पुत्र रामराज पांडे उर्फ काकू के खिलाफ की गई।



पुलिस टीम ने अभियुक्त के घर पहुंचकर विधिवत मुनादी कराते हुए उसे न्यायालय में हाजिर होने की चेतावनी दी। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा है, जिसके चलते न्यायालय के आदेश पर यह कदम उठाया गया। मुनादी के दौरान लोगों को सूचित किया गया कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके खिलाफ आगे कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के समय दिल्ली से आई सीबीआई टीम के साथ-साथ संग्रामगढ़ थाने से आरक्षी मन्नू सिंह और आरक्षी अभिनव भी पुलिस टीम में शामिल थे। गांव के प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र निर्मल और अभियुक्त के परिजन भी मौके पर उपस्थित रहे।

# व्यापारी पिटाई मामले में तीन सिपाही लाइन हाजिर

**सीओ की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई, एसएसआई पहले ही हटाए गए**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , होली के दिन कंधई थाना क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार में हुए विवाद के मामले में एसपी दीपक भूकर ने सख्त कार्रवाई की है। एक व्यापारी की पिटाई से जुड़े इस मामले में तीन और सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इससे पहले, एसएसआई असलम खान को भी हटाया जा चुका है। यह विवाद मस्जिद की दीवार पर रंग पड़ने को लेकर शुरू हुआ था। बताया जाता है कि होली के दिन दो व्यापारियों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने दोनों व्यापारियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया था। जमानत पर रिहा होने के बाद जब व्यापारियों के शरीर पर चोट के निशान दिखे, तो स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। इसके बाद बड़ी संख्या में व्यापारी थाने पहुंचे और पुलिस कार्रवाई के विरोध में हंगामा करने लगे। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक भूकर ने तत्काल एसएसआई असलम खान को लाइन हाजिर कर दिया था। मामले की जांच सीओ पट्टी मनोज रघुवंशी को सौंपी गई थी। जांच के दौरान पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर सिपाही अरशद अंसारी, जगजीत सिंह यादव और रवि कुमार को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस बीच, व्यापारियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे व्यापारी नेता रवि गुप्ता को लेकर भी कुछ तथ्य सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार, रवि गुप्ता पर पहले से ही तीन मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2017 में जालसाजी और धोखाधड़ी, वर्ष 2015 में विद्युत अधिनियम और 2023 में आईटी एक्ट के तहत दर्ज मामले शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है

## संक्षेप

### दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए

**बागपत के गौरीपुर मोड़ पर परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान**

बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र के गौरीपुर मोड़ पर शुक्रवार को परिवहन विभाग की टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एआरटीओ विपिन कुमार के नेतृत्व में टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले दर्जनों वाहन चालकों के चालान काटे। यह कार्रवाई आवश्यक दस्तावेज न होने और यातायात नियमों का पालन न करने पर की गई। अभियान के दौरान प्रतिबंधित और ओवरलोड वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। परिवहन विभाग की टीम को मौके पर देखकर कई प्रतिबंधित वाहन चालक रास्ता बदलकर भागते हुए भी दिखाई दिए। हालांकि, टीम ने कई वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालान की कार्रवाई की। एआरटीओ विपिन कुमार ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना वैध कागजात, ओवरलोडिंग या प्रतिबंधित मार्गों पर चलने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपने सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की। परिवहन विभाग की इस अचानक कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक चेकिंग से बचने के लिए इधर-उधर रास्ता बदलते नजर आए। टीम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### दो अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**बागपत विकास प्राधिकरण ने 30 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र किया ध्वस्त**

बागपत, बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण (बीबीडीए) ने उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के तहत बड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बड़ौत क्षेत्र में विकसित की जा रही दो अनधिकृत कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त अभियान का हिस्सा है। ध्वस्त की गई कॉलोनियों में से एक कांशीराम आवास के सामने, बड़ौत, बागपत में स्थित थी। इसे डॉ. सुधीर और अन्य लोगों द्वारा लगभग 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा था। दूसरी अनधिकृत कॉलोनी भी कांशीराम आवास के सामने, बड़ौत, बागपत में ही थी। इसे सतेंद्र और अन्य द्वारा लगभग 10,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में विकसित किया जा रहा था। के अनुसार, ये दोनों कॉलोनियाँ बिना ले-आउट स्वीकृति और बिना विकास अनुमति के विकसित की जा रही थीं, जो अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। जनहित और सुनियोजित शहरी विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन अनधिकृत प्लॉटिंग और निमार्णों को ध्वस्त किया गया। विकास प्राधिकरण ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी भूमि या प्लॉट को खरीदने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित ले-आउट और मानचित्र विकास प्राधिकरण से विधिवत स्वीकृत हैं। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसे अनधिकृत निमार्णों और प्लॉटिंग के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर गैंग का पर्दाफाश एक गिरफ्तार

**परीक्षा में पास कराने का 22 लाख में तय था सौदा यूपी दरोगा भर्ती 2026**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा। राया उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराने की साजिश रचने वाले सॉल्वर गैंग का पदार्फाश करते हुए एसटीएफ ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मेरठ एसटीएफ की टीम ने शनिवार रात थाना राया क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा, जो अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए परीक्षा पास कराने का लालच दे रहा था। मिली जानकारी के अनुसार मेरठ एसटीएफ फील्ड यूनिट के उपनिरीक्षकसंजय कुमार को सर्विलांस और मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि ग्राम हवेली राया निवासी अनुज कुमार कस्बा राया में अपने साथी से मिलने आने वाला है और अभ्यर्थियों को नकल कराने के लिए सौदेबाजी कर रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने बलदेव रोड स्थित रजनी लाइब्रेरी के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी अनुज कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम हवेली राया ने बताया कि वह गोपाल रावत नाम के व्यक्ति के संपर्क में था। गोपाल रावत अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने के लिए प्रति अभ्यर्थी 22 लाख रुपये में सौदा तय करता था। योजना के तहत परीक्षा केंद्र पर ब्लूटूथ डिवाइस उपलब्ध कराकर बाहर से प्रश्नों के उत्तर बताने की तैयारी थी। एसटीएफ ने आरोपी के पास से कई अहम साक्ष्य एकत्रित किए हैं, जिनमें मुख्य रूप से वनप्लस स्मार्टफोन में अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड और व्हाट्सएप चैट मौजूद है। यूपी पुलिस भर्ती समेत विभिन्न परीक्षाओं के राया से एसटीएफ ने सॉल्वर गैंग का गुर्गा दबोचा आधा दर्जन एडमिट कार्ड बरामद हुए है। व्हाट्सएप पर 8 महत्वपूर्ण चैट और लेनदेन उपनिरीक्षक संजय कुमार और अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसटीएफ के से हुई बातचीत में उन्होंने बताया मुख्य आरोपी गोपाल रावत व अन्य दण्ड सॉल्वर गैंग के सदस्यों की तलाश में टीम लगी हुई है। जल्द ही गिरफ्तार कर सॉल्वर गैंग का खुलासा किया जायेगा पेपर सॉल्व कराने के सौदे की शर्त परीक्षा से पहले 3 लाख रुपये एडवांस जमा कराना होता था परीक्षा के बाद 5 लाख रुपए के डिजिटल सबूत पुलिस को मिले है। थाना राया में आरोपी अनुज कुमार, गोपाल रावत अभ्यर्थी के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, ब्लैंक चेक और शपथ पत्र सुरक्षा के तौर पर देना एसटीएफ ने आरोपी के पास से मोबाइल बरामद किया है। इसमें अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड और व्हाट्सएप चैट व अन्य परीक्षाओं के कुल छह एडमिट कार्ड एवं व्हाट्सएप पर आठ महत्वपूर्ण चैट और ट्रांजेक्शन के विवरण बरामद किए है। टीम ने थाना राया में आरोपी अनुज कुमार, गोपाल रावत और उनके अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश 2024 की धारा 11 (6), 11(7) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं (318(4), 338, 336(3), 61(2)) के तहत मामला दर्ज किया गया। फिलहाल मुख्य आरोपी गोपाल रावत फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## मंदिर के पुजारी पर जानलेवा हमला गला काटकर हत्या का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। बरसाना थाना क्षेत्र में आज सुबह सहार स्थित प्रसिद्ध राधावल्लभ मंदिर में हमलावरों ने एक साधु पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने धारदार हथियार से साधु का गला रेत दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े गंभीर हालत में साधु को उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुयी है। मिली जानकारी के अनुसार साधु मोहनदास उर्फ गूंगा बाबा (45) आज सुबह मंदिर परिसर में अपना भोजन तैयार कर रहे थे। इसी दौरान घात लगाकर आए अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों की नीयत हत्या करने की थी, जिसके चलते उन्होंने सीधे गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मंदिर की ओर दौड़े।



साधु को गंभीर हालत में देख ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों के अनुसार अत्यधिक खून बह जाने के कारण उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वारदात की सूचना मिलते ही बरसाना थाना पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए हैं। क्षेत्र में तनाव - घटना के बाद से ही सहार गांव और आसपास के क्षेत्रों में रोष और तनाव का माहौल है। पुलिस आसपास के लोगों और मंदिर के सेवायतों से पूछताछ कर रही है। हमलावरों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुराग खंगाले जा रहे हैं। बरसाना पुलिस का कहना है कि अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए हैं।

## अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा में ड्रोन प्रोग्रामिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा में 13 मार्च 2026 को ड्रोन प्रोग्रामिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को आधुनिक तकनीक और ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला का सत्र डॉ. सोनाली सिन्हा, मैनेजिंग डायरेक्टर (एडवेक्ट स्किल्स प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा लिया गया। उन्होंने छात्राओं को ड्रोन तकनीक, इसके संचालन, प्रोग्रामिंग तथा विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, सर्वेक्षण, सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स में इसके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक रहा। इससे उन्हें नई तकनीकों और भविष्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी से जुड़ी संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंत में मनीष वर्मा, आर एंड डी एवं ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर तथा एनएसक्यूएफ (NSQF) ट्रेनिंग्स के इंचार्ज ने कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों एवं छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के अंत में छात्राओं ने ड्रोन तकनीक के प्रति उत्साह दिखाया और इस प्रकार के तकनीकी कार्यक्रमों को भविष्य में भी आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेयी जी ने कहा, युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यक है। इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं को नई तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ सरिता शर्मा ने कार्यक्रम का संयोजन किया।




## सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज में भारतीय संस्कृति से ओत-प्रोत होगा नववर्ष मेला

**पुरस्कार में मिलेगी नकद धनराशि मेला का मुख्य आकर्षण होगा बाबा सत्यनारायण मौर्य की संगीतमय प्रस्तुति एक शाम राष्ट्र के नाम**

अमन लेखनी समाचार




मथुरा। नववर्ष मेला समिति के तत्वावधान में नवसंवतसर की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को सेठ बी०एन० पोद्दार इण्टर कॉलेज के मैदान पर आयोजित होने वाले विशाल नववर्ष मेला के संबंध मे सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल नगर जुबली पार्क में रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए नववर्ष मेला समिति के महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नववर्ष मेला समिति मथुरा पिछले 25 वर्षों से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संवत्सर की पूर्व संध्या पर भारतीय गौरवशाली परम्परा, इतिहास एवं स्वाभिमान का प्रतीक भारतीय नववर्ष पर परम्परागत रूप से विशाल नववर्ष मेला का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष यह विशाल मेला चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 की पूर्व संध्या पर चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2082 तदनुसार 18 मार्च को परम्परागत रूप से विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित होगा। इस नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि शैलेष कुमार पाण्डेय पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा जोन होंगे। मेला का मुख्य आकर्षण अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, चित्रकार, गायक, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रप्रेमी कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य की अद्भुत मंचीय प्रस्तुति एक शाम राष्ट्र के नाम होगा। मेला महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए नवसम्वत्सर पर नववर्ष मेला वर्ष 2002 से शुरू हुआ है। तभी से यह मेला प्रतिवर्ष लगता है। इस वर्ष 25 वर्ष पूर्ण होने पर यह रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। नववर्ष मेला का शुभारम्भ चैत्र कृष्ण अमावस्या संवत 2082 तदनुसार 18 मार्च को भूमि पूजन एवं हवन के साथ दोपहर एक बजे से सेठ बी०एन० पौद्दार इंटर कॉलेज के मैदान में होगा। मेला स्थल पर सायं 4:30 बजे से रंगोली, रूप सज्जा, सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता होंगी। नववर्ष समारोह सायं 6:30 बजे दीप प्रज्जवलन से शुरू होगा। इसमें मुख्य अतिथि शैलेष कुमार पाण्डेय पुलिस महानिरीक्षक आगरा जोन होंगे और आशीर्वचन पूज्य संत स्वामी कार्ष्णि गोविन्दानन्द जी महाराज श्री रमणरेतीधाम महावन का प्राप्त होगा। इस वर्ष मेला का मुख्य आकर्षण रात्रि 7:30 बजे से अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, चित्रकार, गायक, प्रखर वक्ता एवं राष्ट्रप्रेमी कलाकार बाबा सत्यनारायण मौर्य की अद्भुत मंचीय प्रस्तुति एक शाम राष्ट्र के नाम रहेगा। श्रीवास्तव ने बताया कि नववर्ष मेला समिति द्वारा अपनी रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रकाशित स्मारिका नव-प्रवाह का विमोचन भी किया जायेगा। नववर्ष मेला समिति अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने बताया कि इस भारतीय नववर्ष मेला में भारतीय संस्कृति और परम्परा के अनुसार मेला में आने वाले सभी आगुन्तकों का चंदन लगाकर स्वागत किया जाता है। मेला से वापस जाते समय नीम की कोंपल, मिश्री का प्रसाद, नवसम्वतसर ग्रीटिंग कार्ड और गंगा जल भेंट स्वरूप दिया जायेगा। मीडिया मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि मेला में बच्चों के लिए मुख्य आकर्षण घोडा, ऊँट की सवारी, झूले, खेल-तमाशा, खान-पान की स्टॉल होंगी। मेला में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री, राष्ट्रीय साहित्य बिक्री केन्द्र, कुटीर उद्योग से बने वस्त्र, विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी, नृत्य संगीत के सांस्कृतिक कार्यक्रम पर आधारित विविध मनोरंजक पूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार मंच पर रात्रि में दिया जायेगा। सामूहिक प्रतियोगिता में विजयी प्रथम स्थान को रुपए 5100, द्वितीय को 3100 और तृतीय को 2100 की नकद धनराशि पुरस्कार में मिलेगी। एकल प्रतियोगिताओं के प्रथम को 2100, द्वितीय को 1100 और तृतीय को पांच सौ रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। पत्रकार वार्ता में कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष गंगधर अरोड़ा एवं कान्हा आदि उपस्थित रहे।

## ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज के टॉप 24 शहरों में शामिल

**प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट से मिली शहर को वैश्विक पहचान**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद ,नगर निगम को ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज 2025 में बड़ी अंतरराष्ट्रीय सफलता मिली है। शहर दुनिया के शीर्ष 24 शहरों में शामिल हो गया है। इस उपलब्धि पर पार्षदों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को नगर निगम मुख्यालय में बधाई दी। उन्होंने आयुक्त को फूल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गाजियाबाद का प्राकृतिक पेंट प्रोजेक्ट इस सफलता का मुख्य कारण है। इस परियोजना के तहत गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी शामिल किया गया है, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। पार्षदों के अनुसार, यह प्रोजेक्ट शहर में नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा और गोबर से संबंधित समस्याओं के समाधान में भी सहायक होगा। इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम को 1 मिलियन



डॉलर की पुरस्कार राशि भी प्राप्त होगी। इस राशि का उपयोग शहर में योजना को मजबूत करने और नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए किया जाएगा। पार्षदों ने इस उपलब्धि को पूरे गाजियाबाद के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत की सराहना की, जिसके कारण यह सफलता संभव हो पाई। नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों और नागरिकों ने इस सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि गाजियाबाद भविष्य में भी ऐसे ही नवाचारी कार्यों के माध्यम से अपनी पहचान बनाए रखेगा।

## पूर्व भाजपा एमएलसी के मेडिकल कॉलेज में सीबीआई की रेड

**मेरठ में 8 घंटे तक चली छानबीन, रिश्वत और सीट बढ़ाने के मामले की जांच**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , एनसीआर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पूर्व भाजपा डॉ. सरोजनी अग्रवाल के मेडिकल कॉलेज में कथित रिश्वतखोरी और मेडिकल सीटें बढ़ाने के मामले में सीबीआई की टीम ने करीब आठ घंटे तक गहन छानबीन की। टीम ने कॉलेज के प्रशासनिक रिकॉर्ड खंगाले और अधिकारियों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे सीबीआई की आठ सदस्यीय टीम मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंची। टीम सीधे अस्पताल न जाकर कॉलेज परिसर में स्थित प्रशासनिक कार्यालय में पहुंची और परिसर में सुरक्षा बढ़ाते हुए किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित करा दिया।




इसके बाद टीम ने करीब आठ घंटे तक प्रशासनिक अधिकारियों से पूछताछ कर कई दस्तावेजों की जांच की और साक्ष्य जुटाए। इस दौरान पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। सीबीआई के सामने नहीं पेश हुई सहायक प्रबंध निदेशक बताया गया कि मेडिकल कॉलेज की सहायक प्रबंध निदेशक और MLC की बेटी डॉ शिवानी अग्रवाल सीबीआई के सामने पेश नहीं हुईं। अधिकारियों ने कॉलेज के अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों से ही पूछताछ की। यह मेडिकल कॉलेज भाजपा की पूर्व एमएलसी डॉ सरोजनी अग्रवाल का है। मेडिकल कॉलेजों में सीटें बढ़ाने के लिए कथित तौर पर रिश्वत दिए जाने के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। 30 जून को दर्ज मामले में देश के कई मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेजों और से जुड़े अधिकारियों समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान एनएमसी के तीन चिकित्सकों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार भी किया गया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया था कि एनसीआर मेडिकल कॉलेज में 50 सीटें बढ़ाने को लेकर डॉ. शिवानी अग्रवाल की बातचीत मयूर रावल और रणदीप नायर से मोबाइल फोन पर हुई थी। इस मामले में वर्ष 2025 में भी सीबीआई और बाद में ने देश के कई मेडिकल कॉलेजों में छापेमारी की थी। कार्रवाई के बाद एनसीआर मेडिकल कॉलेज सहित छह संस्थानों के 2025-26 सत्र को शून्य वर्ष घोषित कर दिया गया था। हालांकि बाद में उच्च न्यायालय ने एनसीआर मेडिकल कॉलेज के मामले में इस आदेश पर रोक लगा दी थी।

## आमका-बिसरख में चला बुल्डोजर

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 30 करोड़ की जमीन कराई कब्जामुक्त**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आमका और बिसरख के डूब क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण हटाते हुए लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य की 15 हजार वर्ग मीटर जमीन को कब्जामुक्त कराया। इस दौरान बिसरख में तीन निमार्णाधीन मकानों को भी ढहाया गया। यह कार्रवाई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर की गई। ग्राम आमका के खसरा संख्या 295, 296, 297, 298 और 299 की जमीन पर कॉलोनाइजर अवैध प्लॉटिंग कर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम चौधरी के नेतृत्व में प्रबंधक रोहित गुप्ता और वर्क सर्किल दो की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण ध्वस्त किए। इसी दिन, वर्क सर्किल तीन के प्रभारी प्रभात शंकर और मैनेजर प्रशांत समाधिया की टीम ने बिसरख के डूब क्षेत्र में बने तीन निमार्णाधीन मकानों को भी ढहा दिया। दोनों ही कार्रवाइयों के दौरान प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे। यह कार्रवाई दोपहर दो बजे से दो घंटे तक चली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने स्पष्ट किया है कि अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी अवैध निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## एमएनसी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

**ग्रेटर नोएडा में 3 गिरफ्तार, लाखों की धोखाधड़ी का खुलासा**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा की थाना बिसरख पुलिस ने एमएनसी कंपनियों में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 01 सीपीयू, 01 मॉनिटर, 01 की-बोर्ड, 01 माउस, विभिन्न कंपनियों के 06 कूटरचित जॉब ऑफर लेटर, 03 मोबाइल फोन और 7600 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। गोपनीय सूचना के आधार पर विकास डाबर, अरुण कुमार और वैभव कुमार को इटेड़ा गोल चक्कर के पास सर्विस रोड, थाना क्षेत्र बिसरख से गिरफ्तार किया गया। डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि विकास मूल रूप से हिसार, हरियाणा का रहने वाला है। वह विदेशी कंपनी यू.एस. हेल्थ केयर में क्लेम सेटल का कार्य करता है। उसके साथी वैभव कुमार और अरुण कुमार भी पूर्व में एमएनसी कंपनियों में नौकरी कर चुके हैं इसके बाद वे उनसे संपर्क करके नामी कंपनियों में नौकरी दिलाने का प्रलोभन देते थे। कुल सालाना पैकेज के अनुरूप अपना हिस्सा (प्रतिशत) तय करके टोकन मनी के रूप में आंशिक रकम अपने खातों में ट्रांसफर करा लेते थे। अपने कंप्यूटर से संबंधित कंपनी का ऑफर लेटर हेड (लोगो) सहित तैयार कर उसमें जॉइनिंग डेट अंकित करते थे और मेल के माध्यम से अभ्यर्थी को भेजते थे। इससे अभ्यर्थियों को यकीन हो जाता था और वे विश्वास करके बाकी तय रकम ऑनलाइन अभियुक्तों के बताए गए खातों में ट्रांसफर कर देते थे। जब अभ्यर्थी या आवेदक संबंधित कंपनी पर जाकर अपनी नौकरी के संबंध में जानकारी करते थे

## यीडा में स्पार्क मिंडा ग्रुप करेगी 220 करोड़ का निवेश

**प्राधिकरण ने कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट सौंपा**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने स्पार्क मिंडा टोयोडेंसो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को सेक्टर 8डी में 7 एकड़ भूखंड का लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) सौंपा है। कंपनी इस परियोजना में लगभग 220 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।यह एलओआई यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र कुमार भाटिया ने कंपनी के कार्यकारी निदेशक अशोक दास और पीयूष गोयल को सौंपा। इस अवसर पर मिंडा ग्रुप के प्रमुख (कॉरपोरेट मामलों) अमित




जालान भी उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश शासन की निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत फॉर्च्यून 500 कंपनियों में शामिल होने के कारण कंपनी को सहायक अनुदान प्रदान किया गया है। स्पार्क मिंडा टोयोडेंसो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इस परियोजना में लगभग 20 लाख यूनिट स्विच, सेंसर और अन्य संबंधित ऑटो स्विच प्रणालियों का उत्पादन करेगी। इस निवेश से क्षेत्र में कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# जांच समिति ने किया ओबरा थर्मल पावर प्लांट - सी का निरीक्षण

**जाँच के दौरान उत्पादन और सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जनपद में स्थित ओबरा थर्मल पावर प्लांट के प्लांट-सी का शनिवार को प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था जांच समिति द्वारा निरीक्षण किया गया। समिति का नेतृत्व सभापति अंगद कुमार सिंह कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान समिति ने क्षेत्र की बिजली व्यवस्था, उत्पादन क्षमता और तकनीकी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। समिति के सदस्यों ने प्लांट-सी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से उत्पादन क्षमता, तकनीकी ढांचे और वर्तमान संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्लांट में स्थापित मशीनों की कार्यप्रणाली, मेंटेनेंस व्यवस्था और तकनीकी प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान समिति ने प्लांट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। समिति ने बिजली उत्पादन को सुचारू और निर्बाध बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की भी सलाह दी। निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्लांट की कार्यप्रणाली, उत्पादन से जुड़ी चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों और कार्यस्थल से जुड़ी सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई। इस अवसर पर प्लांट के मुख्य महाप्रबंधक आर.के. अग्रवाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इंजीनियरों और कर्मचारियों ने समिति को प्लांट की वर्तमान स्थिति, उत्पादन प्रक्रिया और तकनीकी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया। समिति ने बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। साथ ही निरीक्षण के बाद समिति द्वारा एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजे जाने की बात कही गई है, ताकि बिजली उत्पादन और व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अमन लेखनी समाचार



कासिमपुर। थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार देर शाम करीब सात बजे संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर झौनीखेड़ा गांव के पास हुई। मिली जानकारी के अनुसार दीवानखेड़ा मजरा सर्वे निवासी रामजीवन (48) पुत्र जियालाल देर शाम हरदलमऊ बाजार से खरीदारी कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जब वह संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर झौनीखेड़ा गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रामजीवन सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कासिमपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कासिमपुर थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि मामले की जानकारी मिल गई है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक रामजीवन अपने पीछे पत्नी गंगादेवी और पांच बेटियों को छोड़ गए हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है

# बालू माफियाओं का तांडव : रुद्रा माइनिंग के खनन स्थल पर रात-दिन अवैध खनन का आरोप

**पोकलेन मशीनों और बड़ी नावों से हो रहा बालू का उत्खनन, सैकड़ों गाड़ियों से ढुलाई**

**वन क्षेत्र से हरे पेड़ काटकर बनाए जा रहे रास्ते विभागों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। जनपद में अवैध बालू खनन एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। आरोप है कि मे॰ रुद्रा माइनिंग एंड कम्पनी के खनन क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर बड़े पैमाने पर रात-दिन बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोकलेन मशीनों और बड़ी-बड़ी नावों की मदद से नदी से बालू का उत्खनन लगातार जारी है जिससे पानी मे रहने वाले जलजीव मारे जा रहे है वहीं सैकड़ों ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से धड़ल्ले से बालू की ढुलाई की जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक यह पूरा खेल जिम्मेदार विभागों की नाक के नीचे खुलेआम चल रहा है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग और खनन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभागों की चुप्पी को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त हैं और लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर अवैध खनन पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है। वन क्षेत्र से हरे भरे पेड़ काटकर रास्ते बनाए जा रहे स्थानीय सूत्रों का आरोप यहाँ तक है कि खनन स्थल तक पहुंचने के लिए वन क्षेत्र के हरे-भरे पेड़ों को काटकर रास्ते बनाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं किया जाता है स्थानीय ग्रामीणों और लोगो का कहना है कि अवैध खनन को लेकर कई बार समाचार पत्रों और प्रतिष्ठित चैनलों में खबरें भी प्रकाशित और प्रसारित हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद जिले के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। सूत्रों की मानें तो इस पूरे मामले में कुछ सफेदपोश नेताओं, प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों की कथित मिलीभगत होने की चर्चा भी क्षेत्र में जोरों पर है।

खास समाचार

## मां-बाप की डांट से आहत युवती ने चोपन पुल से नदी में लगाई छलांग, लोगों ने बचाई जान

अमन लेखनी समाचार

चोपन। स्थानीय थाना क्षेत्र में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती ने चोपन पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना को देख मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय लोगों की तत्परता से युवती की जान बचा ली गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार को अचानक एक युवती चोपन पुल पर पहुंची और देखते ही देखते उसने नदी में छलांग लगा दी। युवती को नदी में गिरते देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल उसे बचाने के प्रयास शुरू कर दिए। बताया जा रहा है कि नदी में गिरने के बाद भी युवती कुछ देर तक पानी में तैरती हुई दिखाई दी। घटना की सूचना मिलते ही चोपन पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से युवती को सुरक्षित नदी से बाहर निकाला गया। पूछताछ में युवती की पहचान नेहा कुमारी (18 वर्ष) पुत्री प्रेमनाथ यादव, निवासी कुरूहुल थाना चोपन के रूप में हुई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार युवती अपने माता-पिता की डांट से आहत होकर इस तरह का कदम उठा बैठी थी। नदी से बाहर निकालने के बाद उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और परिजनों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली जा रही है। वहीं समय रहते स्थानीय लोगों की सक्रियता से एक बड़ा हादसा टल गया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत सोनभद्र पुलिस का जागरूकता अभियान

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जनजागरूकता कार्यक्रम।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण सुनिश्चित करने हेतु मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में समस्त थाना क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद स्थापित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। अभियान के दौरान गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की गई। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु जनपद के विभिन्न बाजारों में एसिड/तेजाब विक्रय करने वाली दुकानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। दुकानदारों को विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए बिना वैध पहचान पत्र एवं अभिलेख के एसिड विक्रय न करने के निर्देश दिए गए। स्टॉक रजिस्टर एवं सीसीटीवी व्यवस्था की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा उल्लंघन की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—**

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# जोनल संयुक्त महासचिव प्रवीण कुमार के द्वारा अपर सीआई सी के मुद्दों को गंभीरता से उठाया गया

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र - ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाई यूनियन के जोनल पदाधिकारी सह मंडलीय पदाधिकारी और मंडलीय रेलवे अधिकारीगण के बीच दो दिवसीय स्थाई वार्ता बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जोनल संयुक्त महासचिव प्रवीण कुमार एवं मंडल उपाध्यक्ष संतू दास ने अपर सीआई सी के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दैनिक भत्ता ओबरा और सिंगरौली एवं धनबाद मंडल में विभिन्न सेक्शन में जहां पर केवल 10 दिन दिया जाता था। पुःन उसे अपने कार्य के अनुरूप दिया जाएगा। धनबाद मंडल में जहां पर उचित मात्रा में पानी नहीं है उन्हें पर्याप्त पानी की सुविधा उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से मगरदाहा स्टेशन को प्रमुखता से रखा गया। इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत आई डब्लू विभाग (कार्य) में प्रमोशन सह अन्य सुविधाओं एवं भत्ते संबंधित पर विचार शीघ्र किया जाने का आश्वासन मिला। इंजीनियरिंग विभाग में कार्य करने वाले सभी ट्रैक मेंटेनर को ग्रीष्मकालीन पेट्रोलिंग में उनकी दूरियों को कम करने का सुनिश्चित किया गया। रेणुकूट, चोपन, सिंगरौली, शक्तिनगर एवं अन्य स्टेशनों पर आवश्यकता अनुसार बॉक्स बाय की नियुक्ति अति शीघ्र किया जाएगा। साथ ही जोगीडीह स्टेशन पर बिजली लगाने का कार्य प्रगति को और तीव्रता शीघ्र किया जाएगा। यूनियन द्वारा पुराने एवं नए कुल 109 मदों पर मंडल रेल प्रबंधक एवं सभी मंडलीय पदाधिकारी के द्वारा बहुत से मुद्दों पर तत्काल निराकरण किया गया और बहुत सारे मुद्दों पर कार्य अति शीघ्र किए जाने का आश्वासन मिला। जोनल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, पंकज कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता एवं राजेश कुमार के द्वारा मंडल रेल प्रबंधक को बुके एवं स्मृति चिन्ह दिया गया। संयुक्त महासचिव प्रवीण कुमार ने अधिकारियों से चोपन हेल्थ यूनिट में रेलवे डॉक्टर की नियुक्ति न होने का मामला उठाया, और धनबाद में अधिकारियों के द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि चोपन में बहुत जल्द रेलवे डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी पहली बार चोपन और इसके आसपास के ज्वलंत मुद्दों को प्रशासन के समक्ष उठाने पर चोपन यूनियन के अध्यक्ष संतोष दुबे ने खुशी जाहिर की और कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए यहां के मुद्दों को त्वरित रूप से पूरा करने की जरूरत पर बल दिया है, इस दौरान जावेद अख्तर, रोशन सोनार, सुजीत यादव, जयप्रकाश, उपेंद्र प्रसाद, रोहित कुमार, सुनील कुमार और कार्यकारी अध्यक्ष सतीश मौर्य और दर्जनों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

**भूमि सम्बन्धी प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु पुलिस-राजस्व की संयुक्त कार्यवाही पर विशेष जोर।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज दिनांक 14.03.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर ह्लथाना समाधान दिवसह्व का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 04 व राजस्व से सम्बन्धित 66 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 56 प्रार्थना पत्रों में से 34 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



# थाना दिवस में 15 मामलों की सुनवाई, 5 का मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

जनपद मीरजापुर थाना जिगना। शनिवार को थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। थाना दिवस के दौरान कुल 15 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में 5 मामले राजस्व विभाग से संबंधित पाए गए, जिनके निस्तारण के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त मारपीट से संबंधित एक-दो मामले भी सामने आए, जिनमें दोनों पक्षों को थाने में बैठाकर आपसी सहमति के आधार पर समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने सभी फरियादियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष और शीघ्र समाधान कराया जाएगा। थाना दिवस के अवसर पर राजस्व विभाग के कानूनगो विजय शंकर अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे और राजस्व से जुड़े मामलों की सुनवाई की। कार्यक्रम के दौरान थाना का समस्त स्टाफ भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहा और फरियादियों की समस्याओं के समाधान में सहयोग करता दिखाई दिया। इस दौरान दारोगा जय जय राम, रामबचन यादव, दिवाकर मिश्रा, चंद्रशेखर, वशिम अहमद, सुनील राय तथा सिपाहि विवेक सिंह, संजय राय, प्रतीक तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। थाना दिवस के आयोजन से क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखने का अवसर मिलता है, जिससे कई मामलों का त्वरित समाधान संभव हो पाता है। पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं को शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से प्रस्तुत करें, ताकि उनका शीघ्र और न्यायपूर्ण समाधान कराया जा सके।

# गाजीपुर जिले की सभी तहसीलों में गैस सिलेंडरों की स्थिति की हुई समीक्षा

**, घर पर सिलेंडर पाने को इन नंबरों पर करें फोन**

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर, जिले की सभी तहसीलों में एसडीएम, सीओ व आपूर्ति निरीक्षकों द्वारा उनके क्षेत्र के गैस एजेन्सियों व पेट्रोल पम्प संचालकों संग समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिले के सभी एजेंसियों पर उपलब्ध घरेलू गैस सिलेण्डरों के सापेक्ष आपूर्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पाया गया कि सभी गैस एजेन्सियों द्वारा नियमानुसार ग्राहकों द्वारा की गई बुकिंग के आधार पर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। संबंधित एसडीएम ने गैस एजेन्सी संचालकों को निर्देशित किया कि नियमानुसार बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को ही बुकिंग तिथि के आधार पर गैस सिलेण्डर की आपूर्ति करें। साथ ही सभी गैस एजेन्सी संचालकों को बुकिंग की प्रकिया एवं समस्त दिशा-निर्देशों का विस्तृत उल्लेख करने का निर्देश दिया गया। कहा कि उपभोक्ता प्रकिया का पालन कर आसानी से गैस सिलेण्डर की बुकिंग करा सकता है। इस दौरान बीपीसी (भारत गैस) कपंनी के उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर से व्हाटस एप नंबर 1800224344 या आईवीआरएस नंबर 7715012345, 7718012345 या मिस काल बुकिंग 7710955555 या हेलो बीपीसीएल एप या पेटीएम, अमेजन पे, गूगल पे या फोन पे से घरेलू गैस की बुकिंग करा सकते हैं। वहीं आईओसी (ईण्डेन गैस) कपंनी के उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर व्हाटस एप नंबर 7588888824 या एसएमएस/आईवीआरएस नंबर 7718955555 या मिस काल बुकिंग 8454955555 या इण्डियन ऑयल वन एप या पेटीएम, अमेजन पे, गूगल पे या फोन पे या ऑयल कपंनी की वेबसाइट इंडियन ऑयल डॉट इन से घरेलू गैस की बुकिंग करा सकते हैं। वहीं एचपीसी (एचपी गैस) कपंनी के उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर से व्हाट्स एप नंबर 9222201122 या एसएमएस/आईवीआरएस नंबर 8888823456 या मिस काल बुकिंग 9493602222 या उमंग मोबाईल एप/एचपी पे मोबाईल एप या पेटीएम, अमेजन पे, गूगल पे या फोन पे या ऑयल कपंनी की वेबसाइट से घरेलू गैस की बुकिंग करा सकते हैं। घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में गैस एजेन्सियों की जांच भी पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से कराई गई। जिसमें जांच करने वाले पूर्ति निरीक्षक रवि रंजन द्वारा प्रतिमा ईण्डेन गैस एजेन्सी का निरीक्षण किया गया। मौके पर बिक्री सिलेण्डर 130, स्टाक में उपलब्ध 560 सिलेंडर मिले। वहीं प्रवीण कुमार गुप्त द्वारा ओम भारत गैस एजेन्सी, परसा का निरीक्षण किया गया। जहां मौके पर बिक्री सिलेण्डर 322 व स्टाक में उपलब्ध 306 सिलेंडर मिले। इसके अलावा अन्य तहसीलों में भी निरीक्षण किया गया। इसके अलावा घरेलू सिलेण्डर आपूर्ति करने वालें हॉकरों की भी जांच क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शरद चन्द्र दूबे व पूर्ति निरीक्षक विनोद यादव द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जिसमें पाया गया कि हॉकरों द्वारा नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति की जा रही है। कहा कि घरेलू गैस के उपभोक्ता किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए ऑयल कपंनियों के टोल फ्री नं 1800-2333-555 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# साइबर ठगी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**बैंक खाते का दुरुपयोग कर लाखों रुपये के लेन-देन का आरोप, मोबाइल व अन्य सामान बरामद**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। जनपद में साइबर अपराध के एक मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी कैंट अरुण कुमार एस ने पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि साइबर माध्यम से बैंक खाते का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से साइबर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड, पासबुक, एटीएम कार्ड समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 12 मार्च 2026 को एक महिला द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसके परिचित युवक ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उसे सरकार की कल्याणकारी योजना के तहत धनराशि और सिलाई मशीन दिलाने का झांसा दिया। इस दौरान बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर उसका आधार कार्ड और पैन कार्ड ले लिया गया। आरोप है कि इन दस्तावेजों के आधार पर एक सिम कार्ड प्राप्त किया गया और उसी के माध्यम से बैंक में खाता खुलवाकर पासबुक, एटीएम कार्ड और सिम कार्ड अपने पास रख लिया गया। इसके बाद महिला के खाते का दुरुपयोग करते हुए धोखाधड़ी के जरिए लाखों रुपये का लेन-देन किया गया। शिकायत मिलने के बाद मामले में थाना खोराबर में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में वंश निषाद पुत्र ओमप्रकाश निषाद निवासी नौसड़ थाना गीडा, शोभित गौड़ पुत्र सोनू गौड़ निवासी तारामंडल थाना रामगढ़ताल, शक्ति जायसवाल पुत्र रवि जायसवाल निवासी महादेव झारखंडी कूड़ाघाट थाना एम्स तथा शिवम पटवा पुत्र पशुपति पटवा निवासी कूड़ाघाट आवास विकास कॉलोनी थाना एम्स शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, 2 सिम कार्ड, एक पासबुक, एक एटीएम कार्ड तथा तीन एटीएम स्लिप बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर उनके दस्तावेज हासिल करते थे और बाद में उनके बैंक खातों का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करते थे। प्रेस वार्ता के दौरान यह भी बताया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक के विरुद्ध पूर्व में भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# जनपद मीरजापुर का नाम रोशन किया गोगांव के छात्र ने



अमन लेखनी समाचार

जनपद मिजार्पुर के छानबे ब्लॉक अंतर्गत गोगांव स्थित कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6 के एक होनहार छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर चयन पाकर जनपद का नाम रोशन किया है। छात्र का चयन राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल तथा आल इंडिया सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षाओं में हुआ है। इस उपलब्धि के पीछे कंपोजिट विद्यालय गोगांव के प्रधानाध्यापक शेषमणि चौधरी तथा शिक्षिका अनामिका शुक्ला का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र को निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया, जिसके परिणामस्वरूप उसने यह सफलता प्राप्त की। अपनी सफलता का श्रेय छात्र ने अपने माता-पिता और विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दिया। छात्र ने बताया कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उसके पिता ने उसे प्रेरित किया। उसने तैयारी के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं का सहारा लिया और घर पर नियमित रूप से पढ़ाई भी की। छात्र की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा सभी लोग उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

विशेष: विश्व खुशी दिवस, 20 मार्च

# कभी दूर ना हो मन-जीवन से खुशी

आज के दौर में लोगों के पास सुख-सुविधाओं की कमी नहीं है, आर्थिक विकास भी हो रहा है, लेकिन फिर भी वास्तविक खुशी बहुत कम ही लोग महसूस कर पाते हैं। खुशी कोई चीज नहीं है, जिसे पैसा, सुख, सुविधाओं से पाया जा सकता है। खुशी तो जीवनशैली है। इसे महसूस करने के लिए अपनी सोच और जीने के अंदाज में बदलाव करना होगा।

कवर स्टोरी

लोकमित्र गौतम



वर्तमान में इंसान जितनी सुख-सुविधाओं के संग जी रहा है, अब के पहले किसी भी दौर में इसकी कल्पना तक नहीं की गई थी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इंसान फिर भी खुश नहीं है। साल 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भी इस बात पर गहराई से सोचा और खुशी की भूटान द्वारा तय की गई अवधारणा को न केवल वास्तविक खुशी के रूप में मान्यता दी बल्कि दुनिया भर को इस तरह की खुशी हासिल करने की दिशा में प्रेरित करने के लिए 20 मार्च को अंतरराष्ट्रीय खुशी दिवस मनाए जाने की घोषणा भी की।



## भूटान ने बताया जीएनएच का महत्व

संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व खुशी दिवस मनाने के संबंध में निर्णय लेते हुए यह माना कि आर्थिक विकास के साथ-साथ लोगों की खुशी और कल्याण की वैश्विक नीतियों का लक्ष्य ही वास्तविक खुशी होती है। इसकी बुनियाद में भूटान की जो खुशी संबंधी अवधारणा थी, वह खुशी को सकल घरेलू उत्पाद के रूप में मान्यता देने की थी। भूटान ने वास्तव में जीडीपी की जगह जीएनएच यानी 'ग्रॉस नेशन हैप्पीनेस' की अवधारणा प्रस्तुत की थी। संयुक्त राष्ट्र ने इसे विश्व स्तर पर स्वीकार्य बनाने के लिए ही 20 मार्च को वैश्विक खुशी के दिन के रूप में मान्यता दी और तब से हर साल यह दिन मनाया जाता है।

## ऐसे बनती है हैप्पीनेस रिपोर्ट

विश्व खुशी दिवस के मौके पर हर साल वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट जारी की जाती है, जिसमें दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों की कुछ निश्चित पैमानों के मुताबिक उनकी खुशी का आकलन किया जाता है। इस पैमाने के तहत खुशी के लिए जो मानक तय किए जाते हैं, उसमें किसी व्यक्ति के लिए मौजूद सामाजिक समर्थन, उसकी आय और उसका जीवन स्तर, स्वास्थ्य और जीवन प्रत्याशा, व्यक्तिगत आजादी, उस देश और समाज में भ्रष्टाचार का स्तर, वहां के लोगों के बीच आपसी विश्वास और जीवन संबंधी उदारता को पैमाना बनाया जाता है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले कई सालों से दुनिया के सबसे खुश देशों में फिनलैंड, डेनमार्क, आइसलैंड और स्वीडन जैसे देश लगातार शीर्ष पर बने हुए हैं, क्योंकि इन देशों में बेहतर सामाजिक सुरक्षा, संतुलित जीवनशैली और सामुदायिक विश्वास को खुशहाली का मुख्य कारण माना जाता है। दुर्भाग्य से हमारे अपने देश की स्थिति इस रिपोर्ट में अपेक्षाकृत काफी नीचे रही है। इससे स्पष्ट होता है कि वास्तव में खुशी पाने के लिए आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक और मानसिक संतुलन पर भी ध्यान देना जरूरी है।

## खुशी दिवस मनाने का उद्देश्य

विश्व खुशी दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव भर नहीं है। यह आधुनिक जीवन की कई गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान दिलाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में आज करोड़ों लोग तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। आधुनिक जीवन में प्रतिस्पर्धा, नौकरी के दबाव, आर्थिक चिंताएं और सामाजिक अपेक्षाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे माहौल में खुशी और मानसिक संतुलन को प्राथमिकता देना बेहद जरूरी हो गया है। चूंकि आज सफलता को लोग पद, पैसा और प्रतिष्ठा से जोड़ते हैं। ऐसे में विश्व खुशी दिवस हमें याद दिलाता है कि जीवन की यह वास्तविक सफलता, मानसिक संतोष और रिश्तों की गर्माहट में ही होती है।

## असंतोष से दूर हो रही खुशी

देखने में आता है कि सोशल मीडिया की वजह से पहले की तुलना में लोग आपस में कहीं ज्यादा जुड़े रहते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि लोगों के बीच से सामाजिक संबंध आज बेहद कमजोर हो गए हैं। अकेलापन आज कई देशों में एक बड़ी सामाजिक समस्या बन चुका है। ऐसे में यह खुशी दिवस हमें परिवार, मित्रों और समाज के साथ वास्तविक जुड़ाव की अहमियत बताता है। किसी देश-समाज में चाहे जितना भी आर्थिक विकास हो गया हो, लेकिन अगर वहां लगातार तनाव रहता है, लोग अनेक किस्म के असंतोषों के साथ जी रहे होते हैं, तो वह विकास अधूरा ही कहलाएगा। इसलिए आज कई अर्थशास्त्री तथा नीति-निर्माता जीवन की गुणवत्ता को विकास का महत्वपूर्ण मापदंड मानते हैं। यही वजह है कि आज की तेज रफ्तार जीवनशैली में लोगों के पास जीवन जीने के साधन चाहे जितने बढ़ गए हों, लेकिन वह खुशी के मामले में अतीत से काफी पिछड़े हुए हैं।

## प्रकृति से दूरी ने कम की खुशी

यकीनन, मोबाइल फोन ने हमारे रोजमर्रा के जीवन के काम-काज को तो आसान बनाया है, लेकिन इसकी वजह से लगातार हम जितने ज्यादा लोगों के संपर्क में रहते हैं, हमारे असंतुष्ट और तनावग्रस्त होने की उतनी ही अधिक आशंका मौजूद रहती है। आज दुनिया के 97 फीसदी से ज्यादा लोग किसी न किसी वजह से अपने आपको इतिहास के किसी भी दूसरे समय के मुकाबले कहीं ज्यादा व्यस्त पा रहे हैं। यही कारण है कि आज दुनिया में आधे से ज्यादा लोगों का प्रकृति के साथ पहले जो सीधा रिश्ता हुआ करता था, वह रिश्ता पूरी तरह से खत्म हो गया है। जिन लोगों का थोड़ा बहुत रिश्ता बचा भी है, वह बेहद औपचारिक तथा लेन-देन का हो गया है। प्रतिस्पर्धा की लगातार बढ़ती आदत हमें प्राकृतिक रूप से खुश नहीं रहने देती है। ऐसे में इस खुशी दिवस के मौके पर हर किसी को यह अपने मन में गांठ बांध लेनी चाहिए कि जीवन की असली सफलता और उपलब्धियां कहीं पहुंच जाना भर नहीं है बल्कि कहीं पहुंचकर भी खुश और संतुलित जीवन बिताना ही सही मायनों में जिंदगी की समग्र खुशी है। *

## हमारे भीतर होते हैं खुशी के रसायन



**आधुनिक मनोविज्ञान** काफी पहले यह साबित कर चुका है कि खुशी को केवल भावनात्मक अनुभव ही नहीं बल्कि मानसिक और जैविक प्रक्रिया भी समझा जाता है। जब हम खुश होते हैं तो वैज्ञानिकों के मुताबिक हमारे शरीर में से कई महत्वपूर्ण रसायनों का स्राव होता है, जैसे डोपामाइन जो हमें प्रेरणा और आनंद की स्थिति में ले जाता है। सेरोटोनिन, जो मन को स्थिर और संतुलित बनाए रखता है। इसी क्रम में ऑक्सीटोसिन एक ऐसा रासायनिक स्राव है, जो हममें सामाजिक संबंधों और विश्वास से जुड़े हार्मोन पैदा करता है, जिससे कि हम खुश रहते हैं और एक-दूसरे के प्रति लगाव महसूस करते हैं। इसी तरह एंडोर्फिन भी इसी क्रम का एक हार्मोन है, जो खुश रहने पर हमारे शरीर में पैदा होता है और जिससे हम अपने दर्द को कम करने व खुशी को बढ़ाने में कामयाब होते हैं।

जीवनशैली

शिखर चंद जैन

वैसे तो खुशी पाने के लिए अपने स्तर पर आप हर संभव प्रयास करते ही होंगे। लेकिन यहां हम कुछ ऐसे छोटे-छोटे आसान और नायाब तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आपको जिंदगी में भरपूर खुशी हासिल होगी।



# आपको खुशियों से भर देंगे ये आसान-नायाब तरीके

इस दुनिया का हर इंसान खुशी हासिल करना चाहता है। लोग खुशी के लिए न जाने कितने जतन करते हैं। लेकिन कई बार खुशी बड़ी-बड़ी चीजों से नहीं मिल पाती बल्कि छोटी-छोटी सी कोशिशों से मिल जाती है।

**इमेजिनेशन:** केवल 30 सेकेंड के लिए कल्पना करें कि जो चीजें आपके पास हैं (जैसे आपका घर, पसंदीदा डिवाइस या कोई प्यारा रिश्ता) वो आपके पास नहीं हैं। इनकी अनुपस्थिति वाली स्थिति से जब आप हकीकत में लौटेंगे और अपने पास इन चीजों को पाएंगे तो आपको उन चीजों के होने की असली खुशी भीतर तक महसूस होगी।



**भविष्य के नाम खत:** आने वाले कुछ वर्षों बाद जैसे जीवन की चाहत आप करते हैं, उसको ध्यान में रखते हुए 'स्वयं' को अपनी आज की खुशियों और सपनों के बारे में एक पत्र लिखें और उसे छिपा दें। जब कभी आप उसे पढ़ेंगे, खुशी मिलेगी।

**पुराने किस्सों का पिटारा:** बचपन की सुखद यादें या परिवार के साथ बिताई गई छुट्टियां 'हैप्पीनेस एंकर' की तरह काम करती हैं, जो भविष्य में कठिन समय आने पर हमें सहारा देती हैं। परिवार या पुराने दोस्तों को फोन करें और पुरानी यादें ताजा करें। अच्छी यादें दिल और दिमाग को सुकून देती हैं। बुजुर्गों से उनके चटपटे अनुभव और सीख देने वाली दिलचस्प कहानियां सुनना भी सुकून देता है।

**साइलेंट डिस्को पार्टी:** घर पर अकेले या परिवार के साथ हेडफोन लगाकर अपनी पसंद के गानों पर कुछ देर नाचें। इससे बिना किसी शोर-शराबे के तनाव कम होगा, मूड अच्छा होगा और आपको खुशी मिलेगी।

**बच्चों वाली शरारतें:** जब कभी मन करे चॉक लेकर स्लेट पर या पेन, पेंसिल से कॉपी में कुछ मजेदार चित्र बनाएं या हॉप-स्कॉच (पकड़ा-पकड़ी) जैसा कोई खेल खेलें। अपने 'इनर चाइल्ड' को बाहर लाना खुशी का बेहतरीन स्रोत है। कभी-कभी बच्चों की तरह बिना किसी खास वजह के जोर से हंसने की कोशिश करें। यह शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन रिलीज करता है, इससे मूड तुरंत हैप्पी फील करता है।

**पास्ट-सेल्फ को 'थैंक यू' कहें:** केवल भविष्य की चिंता करने की बजाय, हर हफ्ते कुछ मिनट निकालकर अपने 'पुराने स्वरूप' को धन्यवाद दें। अपने पुराने स्वरूप को धन्यवाद कहना खुद से जुड़ने और अपनी प्रगति को सराहने का एक खूबसूरत तरीका है। जैसे मुश्किल समय में डटे रहने के लिए, सही चुनाव करने के लिए, सीखने और बढ़ने के लिए, खुद पर विश्वास रखने के लिए, धैर्य के लिए।

**द मिस्टेक सेलिब्रेशन:** जब आपसे कोई छोटी गलती हो जाए, तो उस पर झुंझलाने के बजाय मुस्कुराएं और कहें, 'वाह, एक और सीख मिली!' अपनी गलतियों को उत्सव की तरह देखने से तनाव कम होता है।

**नकली मुस्कान का जादू:** विज्ञान कहता है कि भले ही आप अंदर से खुश न हों, लेकिन शीशे में देखकर जबरदस्ती मुस्कुराने से दिमाग में खुशी वाले न्यूरोकेमिकल्स रिलीज होते हैं। इससे खुशी का अहसास होता है। इसे 'फेक इट टिल यू मेक इट' कहते हैं।

**मिट्टी से जुड़ाव:** नंगे पैर मिट्टी या घास पर चलें। यह शरीर की इलेक्ट्रिकल ऊर्जा को संतुलित करता है और मन को शांत-खुश रखने में मदद करता है।

**घर की सजावट बदलें:** अपने रहने की जगह को व्यवस्थित करें। साफ-सुथरा और सजा हुआ घर मानसिक शांति और खुशी देता है।


**पेड़ों-पक्षियों को निहारना:** पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों को निहारना मन को सुकून देता है। केवल एक मिनट के लिए किसी ऊंचे पेड़ को ऊपर की ओर देखें। यह आपको रोजमर्रा की भाग-दौड़ में ठहरने और प्रकृति से जुड़ाव महसूस कराएगा। किसी पार्क में बैठें और बस पक्षियों की चहचहाहट और हरकतों पर ध्यान दें। शोध बताते हैं कि पक्षियों के संग समय बिताने से खुशी मिलती है।



**वर्क प्लेस के लिए:** ऑफिस में तनाव को कम करने और छोटी-छोटी खुशियां ढूंढ़ने के लिए अपनी डेस्क पर ऐसी चीजें रखें, जो आपको मुस्कुराने पर मजबूर कर दें, जैसे कोई मजेदार मैग्नेट, छोटा पौधा या अपनी पसंदीदा वैकेशन की फोटो। बोरियत या स्ट्रेस के समय, दिन भर की छोटी-छोटी उपलब्धियों को लिखें। यह आपको एहसास कराएगा कि आप प्रगति कर रहे हैं। हर एक घंटे में 2-3 मिनट के लिए अपनी सीट से उठें। गहरी सांस लें या बस थोड़ा चलें, इससे दिमाग को ताजगी-खुशी मिलती है। *

लघुकथा / रंजना जायसवाल

# राजा बेटा




आज सुबह से माया को अपने बेटे विक्रम की बहुत याद आ रही थी। उसे आज भी वह दिन याद है, जब वह उसका आंचल पकड़े दिन भर इधर से उधर घूमता रहता था। उसकी इस हरकत पर उसका नाम ही पड़ गया था पिछलग्गू। पर वक्त के साथ कितना कुछ बदल गया था। बगल वाली शुक्ला भाभी अपने दो छोटे बच्चों को छोड़ जब इस दुनिया से चली गई थीं। कितना डर गया था विक्रम। कहीं उसकी मां भी शुक्ला आंटी की तरह...।

उनके बच्चे बार-बार यही कहकर रो रहे थे, 'अब हम बिल्कुल शैतानी नहीं करेंगे, मां आप वापस आ जाओ।' बेचारे कहां जानते थे उनकी मां तो ऐसी दुनिया में चली गई थीं जहां से कोई लौटकर नहीं आता। विक्रम ने सहम कर पूछा था, 'मां! आप तो मुझे छोड़कर कहीं नहीं जाएंगी न'


'तुझे छोड़कर भला मैं कहां जा सकती हूं। तू तो मेरा राजा बेटा है।'

माया ने विक्रम के भोले चेहरे को पुचकारते हुए कहा था। 'और मां आप? राजा की मां तो रानी मां हुई न' वह खिलखिला कर हंस पड़ी थीं, 'हां बिल्कुल।'

'रानी मां कहां रहती हैं?' विक्रम के सवाल खत्म होने को नहीं आते थे। 'वोवो तो महलों में रहती हैं, अपने राजा बेटे के साथ।'

'मैं भी आप के साथ महलों में रहूंगा' विक्रम खुशी से चिल्ला पड़ा था, उसकी इस हरकत से उनकी आंखें भर आईं थीं। तभी एक तेज आवाज से माया की तंद्रा टूटी। वह वर्तमान में लौटी। उसकी नजर आश्रम के बोर्ड पर पड़ी जहां बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था 'वृद्धाश्रम।'

वह मन ही मन बुदबुदाई, 'राजा बेटे ने तो रानी मां के साथ रहने का वायदा किया था पर वह उन्हें यहां छोड़कर क्यों चला गया?' *




पुस्तक: महानगर में मौत, लेखक: अखिलेश श्रीवास्तव चमन, मूल्य: 225 रुपए, प्रकाशक: न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# मर्मस्पर्शी लघुकथाएं

वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेश श्रीवास्तव चमन का नया लघुकथा संग्रह 'महानगर में मौत' कुछ समय पूर्व छपकर आया है। इसमें कुल जमा 55 लघुकथाएं संकलित हैं। ये लघुकथाएं अपने छोटे कलेवर में भी जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं की श्याम-श्वेत छवियां उजागर करती हैं। महानगरीय जीवनशैली ने किस तरह हमें संवेदनशून्य बना दिया है और हमारे रिश्तों में से भावनात्मक जुड़ाव छीजता जा रहा है, इसकी बानगी 'महानगर में मौत' और 'बीमारी' लघुकथाओं में देखी जा सकती है। हमारे समाज में सांप्रदायिकता और जातिवाद आज भी किस कदर हावी है और इस मानसिकता का स्वार्थी लोग कैसे दुरुपयोग करते रहते हैं, इसे प्रभावी तरीके से 'राजनीति' और 'इंटरव्यू' में पढ़ सकते हैं। 'अजूबा' और 'गाली' जैसी कुछ लघुकथाओं में लेखक ने आज के दौर की जीवनशैली और नेताओं पर कटाक्ष किया है। कह सकते हैं कि ये लघुकथाएं हमारे समय के विद्रूप को मार्मिकता से व्यक्त करती हैं। *

व्यंग्य / पंकज प्रसून

# घर पहुंचा विश्व युद्ध!

कल दोपहर किचन में दाल पक रही थी। जैसे ही कुकर की सीटी बजी, मैं डाइनिंग टेबल के नीचे दुबक गया। मुझे लगा ईरान ने इजराइल के चक्कर में मिसाइलें इधर ही दाग दी हैं और अब अगला सायरन साक्षात यमराज ही बजाएंगे।

आजकल मेरी रीढ़ की हड्डी के स्थान पर 55 इंच का एक एलईडी पैनल फिट हो चुका है, जिस पर चौबीसों घंटे ब्रेकिंग न्यूज का हड़कंप मचा रहता है। मेरा हाल यह है कि मैं अपने घर के सोफे के बजाय एक अभेद्य बंकर में विराजमान होता हूं। शाम के सात बजने पर जैसे ही न्यूज चैनल चालू होता है, मेरे ड्राइंग रूम में भी जैसे तीसरे विश्व युद्ध का आगाज हो जाता है। एंकर महोदय इस तरह चिल्लाते हैं मानो मिसाइल का पिछला हिस्सा उन्हीं के स्टूडियो में रखा हो और वे बस माचिस दिखाने ही वाले हों। उनके चिल्लाने की आवृत्ति इतनी तीव्र होती है कि घर की छिपकलियां तक सरेंडर कर देती हैं।

मेरी इंद्रियों का पूरी तरह सैन्यीकरण हो चुका है। कल दोपहर किचन में दाल पक रही थी। जैसे ही कुकर की सीटी बजी, मैं डाइनिंग टेबल के नीचे दुबक गया। मुझे लगा ईरान ने इजराइल के चक्कर में मिसाइलें इधर ही दाग दी हैं और अब अगला सायरन साक्षात यमराज ही बजाएंगे। पत्नी ने तंज कसा, 'उठिए महाराज, यह कोई 'आयरन डोम' फेल होने की आवाज होने से रही, अरहर की दाल है, तीन सीटी में गलती है।' मगर उसे क्या पता कि जिसे वह दाल कहती है, मुझे उसमें बारूद की गंध आती है। शाम को पड़ोस का बच्चा छत पर पतंग उड़ा रहा था, नीले आसमान में वह लाल पतंग मुझे साक्षात किलर-ड्रोन नजर आई। मैं वहीं बालकनी में लेट गया और रेंगते हुए अंदर आया। मुझे पूरा यकीन था कि यह पतंग महज कागज का टुकड़ा होने के बजाय मोसाद द्वारा भेजा गया कोई सर्वेक्षण यान है, जो मेरी फटी हुई बनियान की जासूसी कर रहा है।

फेसबुक खोलता हूं तो लगता है कि देश का हर वह व्यक्ति, जिसके पास डेढ़ जीबी का डेटा पैक है, वह व्हाइट हाउस का मुख्य सलाहकार बना बैठा है। जिस आदमी को यह पता तक है कि पड़ोस की गली में नाली क्यों जाम है, वह भी फेसबुक पर दुनिया का नक्शा लेकर समझा रहा है कि ईरान को मिसाइलें किस एंगल से छोड़नी चाहिए थीं। हमारे मित्र वर्मा जी, जो मोहल्ले की क्रिकेट टीम में 'एक्स्ट्रा' खिलाड़ी



बनने के लायक भी नहीं समझे जाते, फेसबुक पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बने घूम रहे हैं। उन्होंने पोस्ट डाली है- 'अगर मैं नेतन्याहू की जगह होता, तो अब तक बटन दबा चुका होता।' नीचे उनके साढ़ू ने कमेंट किया है, 'भाई साहब, पहले सुबह मोटर चलाकर पानी तो भर लिया कीजिए, भाभी चिल्ला रही हैं।' न्यूज चैनलों पर बैठने वाले रक्षा विशेषज्ञ तो और भी अद्भुत हैं। वे ऐसे चहकते हैं जैसे युद्ध के बजाय गांव का मेला चल रहा हो। एक रिटायर्ड सैन्य अधिकारी ने पेन उठाकर नक्शे पर ऐसी लकीर खींची जैसे वे स्कूल में बच्चों को 'क' से कबूतर सिखा रहे हों। उन्होंने कहा, 'देखिए, यहां से मिसाइल जाएगी और सीधे किचन में गिरेगी।' मैंने डर के मारे चाय का कप नीचे रख दिया, कहीं मिसाइल मेरी चाय में ही लैंड न कर जाए।

ऑफिस से घर लौटकर चैन की उम्मीद थी, मगर वहां द्विपक्षीय वार्ता पहले ही विफल हो चुकी थी। पत्नी ने पूछा, 'सब्जी लाए?' मैंने कहा, 'युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव है, टमाटर की कीमतों ने बैलिस्टिक मिसाइल की गति पकड़ ली है।' पत्नी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उसने जो 'वाक-युद्ध' शुरू किया, उसके सामने न्यूज चैनल के एंकर भी पानी भरें। उसने कहा, 'ये जो चौबीस घंटे टीवी देखते हो, इससे दिमाग का सॉफ्टवेयर करप्ट हो गया है। घर में गृहयुद्ध की स्थिति है और तुम्हें ईरान-इजराइल की चिंता है।' झगड़ा बढ़ा तो उसने बेलन हाथ में उठा लिया। उस क्षण मुझे अहसास हुआ कि असली हाइपरसोनिक वेपन तो यही है। मैंने तुरंत युद्धविराम की घोषणा कर दी। बिना शर्त माफी मांगना ही सबसे सुरक्षित डिफेंस सिस्टम है।

रात को जब टीवी बंद करता हूं और सन्नाटा छाता है, तो दिल के किसी कोने में एक सिहरन दौड़ जाती है। टीवी के पर्दे पर जो आग दिखती है, वह दूर किसी के घर को सचमुच राख कर रही होती है। आसमान में उड़ती पतंग जब ड्रोन लगने लगे और कुकर की सीटी सायरन बन जाए, तो समझ लेना चाहिए कि युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने के बजाय हमारे दिमागों के भीतर घुसकर बमबारी कर रहा है। हम सब एक ऐसे 'वॉर जोन' में जी रहे हैं, जहां शांति एक ब्रेकिंग न्यूज बनकर रह गई है और हमारी संवेदनाएं कहीं मलबे में दबी पड़ी हैं। मिसाइल शायद मेरे घर पर गिरने से रही, मगर उस डर की मिसाइल ने मेरे सुकून को तो जख्मी कर ही दिया है। टीवी का रिमोट हाथ में है, पर जीवन का कंट्रोल शायद उन लोगों के हाथ में है, जो युद्ध की कमेंट्री बेचकर अपना घर चला रहे हैं। *